RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।। ‖ निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार" | हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com | हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 218 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, सोमवार, 27 फरवरी, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

**सुविचार**

समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।

# जाट महाकुंभ : जाट समाज के मसीहा हैं 'राजाराम मील'

## प्रदेश के जाट समाज को एक धागे में पिरो कर रखने और आरक्षण दिलाने में रही है प्रमुख भूमिका

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** वैसे तो भारत की आजादी के बाद और राजस्थान राज्य के गठन होने के बाद से ही प्रदेश की राजनीति में जाट बिरादरी का काफी प्रभाव रहा है लेकिन यह भी सच है कि राजस्थान में राजस्थान जाट महासभा की स्थापना होने के बाद ही प्रदेश की जाट बिरादरी में आपस में एकजुटता की भावना पैदा हुई। जाट महासभा के प्रयासों से ही जाट बिरादरी एक मंच पर आकर खड़ी हुई जिसके फलस्वरूप भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी दोनों ही दलों के रणनीतिकार जाट बिरादरी को काफी महत्व और सम्मान देते रहे हालांकि यह बात अलग है कि आजादी के बाद अब तक एक बार भी जाट समाज का नेता मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं पहुंचा है लेकिन यह भी सच है कि यह जाट महासभा का प्रभाव ही रहा है कि राजस्थान में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल जाट बिरादरी के नेताओं को अब तक ज्यादा टिकट देते आ रहे हैं। जानकारों का कहना है कि अगर जाट महासभा की स्थापना नहीं हुई होती तो शायद राजस्थान में जाटों में इतनी एकजुटता का भाव पैदा नहीं होता और ना ही राजस्थान में जाटों को आरक्षण मिलता लेकिन जाट महासभा के संस्थापक राजाराम मील, ज्ञान प्रकाश पिलानिया, विजय पूनिया जैसे दिग्गज जाट नेताओं के प्रयासों की वजह से ही आज राजस्थान में जाट समाज की ताकत को हर कोई सेल्यूट करता है, देश के सभी राजनीतिक दल जाट समाज को जो इज्जत दे रहे हैं उसका पूरा श्रेय जाट महासभा के संस्थापक राजाराम मील को ही जाता है।



### आरक्षण को 21 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की मांग, जातिगत गणना की मांग, वीर तेजा बोर्ड का गठन इत्यादि पर होगी चर्चा

राजस्थान जाट महासभा की मीडिया प्रभारी शीशराम कटेवा ने बताया कि शनिवार को जयपुर के मानसरोवर में कान्हा पैराडाइज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए जाट महासभा के संरक्षक और संस्थापक राजाराम मील ने कहा कि 5 मार्च को जयपुर में आयोजित होने वाले जाट महाकुंभ में आरक्षण की सुविधा 21 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की मांग, जातिगत गणना की मांग, श्री वीर तेजा बोर्ड का गठन, केंद्र और राज्य दोनों ही जगह पर राजनीतिक दलों में जाट समाज को पर्याप्त हिस्सेदारी, जिलेवार जाट समाज के हॉस्टल की स्थापना, ओबीसी आरक्षण में विसंगतियों को दूर करना तथा जाट समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के संदर्भ में महाकुंभ में चर्चा की जाएगी तथा आवश्यक निर्णय भी लिए जाएंगे। इस जनसभा को जाट महाकुंभ के संयोजक विजय पूनिया, सोनिया पूनिया, पूर्व आईजी महेंद्र चौधरी, सुरेश चौधरी इत्यादि नेताओं ने संबोधित किया बाद में बस्सी में भी राजाराम मिल ने जनसभा को संबोधित करते हुए 5 मार्च को जयपुर में आयोजित जाट महाकुंभ में ज्यादा से ज्यादा शामिल होने के लिए लोगों से अपील की।

जयपुर चलो
जाट महाकुंभ
5 मार्च 2023

### जाट महासभा के लिए किसी से भी चंदा नहीं लेते हैं 'राजाराम मील'

जानकारी मिली है कि वर्ष 1998 में जाट महासभा की स्थापना के बाद से आज तक राजाराम मिलने जाट महासभा के संचालन के लिए किसी से भी चंदा नहीं मांगा यह बात अलग है अगर कोई अपनी इच्छा से महासभा को चंदा दे दे लेकिन जाट महासभा की ओर से कभी भी आगे बढ़कर जाट महासभा के संचालन के लिए किसी से चंदा नहीं मांगा गया खुद राजाराम मील का कहना है कि जब तक वे जिंदा रहेंगे तब तक महासभा के संचालन के लिए किसी से भी एक पैसे का चंदा नहीं लेंगे जाट महासभा के दफ्तर में स्थाई रूप से कर्मचारी



तैनात हैं जो महासभा का प्रदेश भर का कामकाज देखते हैं लेकिन इन कर्मचारियों को राजाराम मील खुद अपनी निजी आय से वेतन का भुगतान करते हैं। ऐसे बहुत ही कम शख्स होते हैं जो इस तरह के सामाजिक संगठन का खर्चा खुद अपने निजी आय से करते हैं अन्यथा अमूमन सभी जातियों के इस तरह के संगठनों में संगठन के पदाधिकारी समाज के लोगों से ही चंदा वसूल करके संगठन का संचालन कर रहे हैं लेकिन राजाराम भी खुद अपने दम पर जाट महासभा के खर्चे को वाहन कर रहे हैं जो काफी काबिले तारीफ है यही वजह है कि जाट समाज के लोग अपनी बिरादरी के लिए राजाराम मील को एक मसीहा के रूप में मानते हैं।



### मुझे अपने किरदार पर इतना तो यकीन है... लोग मुझे छोड़ सकते हैं लेकिन भूल नहीं सकते

प्रदेश की राजनीति में एक दौर ऐसा भी आया था जब जाट महासभा की ओर से ही जाट बाहुल्य विधानसभा इलाकों में और लोकसभा इलाकों में राजनीतिक दलों के लिए टिकट फाइनल किए जाते थे खासतौर से वर्ष 1999 से लेकर 2005 की अवधि में भारतीय जनता पार्टी की ओर से जाट बाहुल्य इलाकों में जाट महासभा की इच्छा के आधार पर ही टिकट दिया जाता था कहने का मतलब प्रदेश की राजनीति में जाट महासभा ने अपना रुतबा इस कदर बढ़ा लिया था कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल जाट महासभा के आगे अपने हथियार डाल दिया करते थे। जाट महासभा की स्थापना राजाराम मील ने की थी और राजस्थान के पूर्व डीजीपी ज्ञान प्रकाश पिलानिया भी इस महासभा के काफी समय तक अध्यक्ष रहे इन दोनों जाट समाज के दिग्गज नेताओं ने अपनी मेहनत और प्रयासों से प्रदेश की राजनीति में जाट



महासभा की जबरदस्त तरीके से ताकत बढ़ाई जिसकी वजह से दिल्ली में विराजमान कांग्रेसी और भाजपा दोनों ही दलों के नेता जाट समाज को काफी इज्जत देने लगे थे और इन दोनों नेताओं के प्रयासों से ही जाट महासभा ने दमदार तरीके से तत्कालीन केंद्र के अटल बिहारी वाजपेई सरकार से जाटों के लिए आरक्षण की मांग की जिसे प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने आखिरकार आरक्षण की मांग को स्वीकार किया इस तरह से प्रदेश की जाट बिरादरी के लिए राजाराम मील काफी मायने रखते हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज बीकानेर में

**बीकानेर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राजस्थान में पहली बार बीकानेर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव के 14 वे संस्करण का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति दोपहर 1:55 बजे राष्ट्रपति भवन से रवाना होकर दोपहर 2:10 बजे पालम हवाई अड्डे पहुंचेंगी। वहां से दोपहर 2:20 बजे बीकानेर के नाल एयरफोर्स स्टेशन के लिए रवाना होंगी एवं दोपहर 3:25 बजे नाल एयर फोर्स स्टेशन पहुंचेगी। राष्ट्रपति कार्यक्रम स्थल डॉ. करणी सिंह स्टेडियम दोपहर 3:50 पर पहुंचेगी जहां उनका ढोल एवं नगाड़ों के साथ स्वागत किया जाएगा। राज्यपाल कलराज मिश्र राष्ट्रपति की अगवानी करेंगे। राष्ट्रपति द्वारा क्राफ्ट आंगन एवं कूजिन एरिया का दौरा किया जाएगा। राष्ट्रपति राजस्थान में पहली बार बीकानेर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव के 14वें संस्करण का नगाड़ा बजाकर उद्घाटन करेंगी। कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, कला और संस्कृति मंत्री डॉ. बी डी कल्ला, नगर निगम बीकानेर की मेयर सुशीला कंवर राजपुरोहित सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे।

## दिल्ली डिप्टी सीएम सिसोदिया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** शराब नीति मामले में सीबीआई ने आठ घंटे की लम्बी पूछताछ के बाद रविवार शाम को दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पूछताछ के दौरान आबकारी विभाग के एक आईएएस अधिकारी ने सीबीआई को सिसोदिया का नाम लिया था। अफसर ने कहा था कि सिसोदिया ने ऐसी शराब नीति बनवाई थी, जिससे सरकार को मुनाफा नहीं हो, व्यापारियों को मोटा फायदा हो। इसी बयान के आधार पर सिसोदिया से पूछताछ की गई थी।

सूत्रों की मानें तो अफसर ने सिसोदिया पर सबूत नष्ट करने का भी आरोप लगाया था। सीबीआई ने सिसोदिया और अफसर को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की तो, उन्होंने कई सवालों के जवाब नहीं दिए। यही सिसोदिया की गिरफ्तारी की वजह बनी। सिसोदिया को रविवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। इससे पहले उनका देर रात मेडिकल टेस्ट करवाया गया। सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद सीबीआई मुख्यालय



के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

सीबीआई जांच में शामिल होने के लिए सिसोदिया घर से निकलने से पहले अपनी मां से मिले और उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद रोड शो करते हुए सीबीआई दफ्तर पहुंचे। सिसोदिया के साथ उनके हजारों समर्थक भी थे। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कथित शराब घोटाले में सीबीआई के समक्ष पेश होने से पहले कहा कि वह भगत सिंह के अनुयायी हैं इसलिए कुछ महीने जेल में भी रहना पड़े तो परवाह नहीं है। सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा, आज फिर सीबीआई जा रहा हूं, सारी जांच में पूरा सहयोग करूंगा। लाखों बच्चो का प्यार व करोड़ो देशवासियो का आशीर्वाद साथ है।

## पुलवामा : आतंकियों ने की कश्मीरी पंडित की गोली मार हत्या

**एजेंसी/श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में रविवार को आतंकवादियों ने एक बैंक में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत एक कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या कर दी। इस वर्ष कश्मीर में किसी नागरिक की पहली हत्या है। पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने अचन पुलवामा निवासी काशीनाथ शर्मा के पुत्र अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य संजय शर्मा को रविवार को सुबह उस समय गोलीबारी मारी गई जब वह स्थानीय बाजार जा रहे थे। घायल को अस्पताल ले जाया गया, हालांकि, उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई और हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी शुरू की गई। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी), दक्षिण कश्मीर रेंज, रईस मुहम्मद भट ने कहा कि हत्या में शामिल लोगों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## कांग्रेस ने संविधान और लोकतंत्र को बचाया : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रविवार को यहां कांग्रेस की ओर से हुई जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने आरोप लगाया कि आज देश में हालात ठीक नहीं हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आयकर विभाग, सीबीआई एवं ईडी के नाम पर सबकी जुबान बंद करने की कोशिश हो रही है। किसी भी राज्य में चुनाव से पहले ईडी पहुंच जाती है। गहलोत ने आरोप लगाया कि आज न्यायपालिका दबाव में काम कर रही है। जबकि संप्रग सरकार के कार्यकाल में खाद्य सुरक्षा कानून, वन अधिकार कानून, सूचना का अधिकार जैसे कानून बनाए गए और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के लिए मनरेगा जैसी योजनाओं को लागू किया गया। गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान बचाने का काम किया है। यदि कांग्रेस ने लोकतंत्र नहीं बचाया होता। तो आज नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं होते। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी यही चाहते हैं कि देश में महंगाई नहीं हो, युवाओं को रोजगार मिलता रहे। साथ ही देश में अमन चैन रहे। यही यात्रा का लक्ष्य था। कांग्रेस के तीन दिवसीय 85वें महाधिवेशन के अंतिम दिन राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे एवं पूर्व विधायक रामेश्वर डूडी ने 'कृषि एवं किसान' विषय पर प्रस्ताव रखा। जिस पर बोलते हुए डूडी ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार किसानों के हित में सोच नहीं पा रही है। किसानों को न फसल का ठीक से मूल्य मिल पा रहा है और न ही फसल खराब होने पर उचित मुवाअजा मिल पा रहा है। वहीं, कांग्रेसनीत संप्रग सरकार ने किसानों का हजारों करोड़ का किसानों का कर्ज माफकिया।

"सितारे का साथ-आपके हाथ"
अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी
आपका पसंदीदा समाचार पत्र
अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी
अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध
अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...
Log in करे : www.garibonkasitara.com
अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें...
8233553666, 9782527840, 9828853546
या बार कोड स्कैन करे...
।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।
गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम | निर्भीक आवाज
भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार
अधिक जानकरी के लिए सम्पर्क करें...
राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125

| पूर्वानुमान> | सोम | मंगल | बुध | गुरु |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 32°c | 33°c | 30°c | 32°c |
| न्यूनतम> | 19°c | 18°c | 19°c | 18°c |

9°

## अजमेर में गांधीवादी संस्थाओं का दो दिवसीय राष्ट्र स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न

# राष्ट्र की तरक्की के लिए गांधीवादी विचारधारा को सशक्त करने की आवश्यकता: डॉ. सी.पी.जोशी

### राजस्थान की हृदय स्थली से जाएगा देश में अमन, चैन, भाईचारे और तरक्की का संदेश

### विधानसभा अध्यक्ष रहे मुख्य अतिथि

गरीबों का सितारा





**अजमेर/ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** देश की प्रख्यात गांधीवादी संस्थाओं का दो दिवसीय राष्ट्र स्तरीय सम्मेलन रविवार को अजमेर में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन ने देश में एक बार पुनः अमन, चैन आपसी भाईचारा, तरक्की और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों के भारत को खड़ा करने के लिए पूरी ताकत से जुटने के संदेश की नींव रखी। अजमेर सम्मेलन और ?से ही अन्य कार्यक्रमों की श्रृंखला से गांधीवादी विचारक बापू के संदेश और दर्शन को पूरे देश में प्रसारित करेंगे गांधीवादी संस्थाओं के दो दिवसीय राष्ट्रस्तरीय सम्मेलन के समापन पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी रहे। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. जोशी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों और दर्शन को वर्तमान परिस्थितियों में लागू करने की महत्ती आवश्यकता है। इन आदर्शों और मानकों को हासिल करने के लिए ?से मजबूत विचारकों और विचारधारा की आवश्यकता है, जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर सकें। इन्हीं विचारकों के समक्ष यह चुनौती भी है कि वे वर्तमान पीढ़ी को मौजूदा परिस्थितियों में गांधी के विचारों की उपयोगिता समझा सकें।

डॉ. जोशी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे मजबूत लोकतंत्र है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और आजादी के समय देश का नेतृत्व करने वालों ने जिस लोकतंत्र की नींव रखी, वह लोकतंत्र देश में सभी धर्म, भाषा, समाज, प्रांत और अन्य परिस्थितियों के आधार पर भिन्नता रखने वालों को भी सत्ता व शासन में समान रूप से भागीदार बनाता है। सरकार चाहे कोई भी हो, उसे संविधान के अनुसार ही कार्य करना होगा, इसमें किसी तरह का परिवर्तन नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू एवं उनके बाद के प्रधानमंत्रियों ने एक सशक्त एवं उन्नत देश की नींव रखी। भारत के परमाणु प्रसार कार्यक्रम, विज्ञान से जुड़े संस्थान, तकनीकी संस्थान और अन्य संस्थानों की नींव देश की आजादी के साथ ही रखी गई। यह देश के सशक्त संविधान और मजबूत संस्थानों की ही देन है कि देश की जीडीपी आज भी विकास की ओर अग्रसर है उन्होंने कहा कि वर्तमान में वैचारिक आधार पर राजनीति करने की आवश्यकता है। हमें यह मजबूती से बताना होगा कि गांधीवादी विचार और दर्शन ही देश को आगे ले जाने के लिए आवश्यक हैं। यह देश का संविधान ही है जिसने विपरीत विचारधारा के लोगों को भी चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से शासन करने का अवसर दिया है। ?से ही गांधी की विचारधारा को वर्तमान हालात में लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने ग्राम स्वराज का मंत्र दिया था। इस दिशा में और काम करना होगा। लोकसभा और विधानसभाओं में और ज्यादा दिनों तक नीतियों पर बहस होनी चाहिए। गांधी दर्शन को पढ़ने के साथ ही उस पर अमल भी करना होगा। हमें अध्ययन और स्वाध्याय के अंतर को समझना होगा। वैचारिक ब्लूप्रिंट लेकर जनता के बीच जाना होगा इससे पूर्व गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष कुमार प्रशान्त ने कहा कि गांधी दर्शन में प्रत्येक समस्या का समाधान है। महात्मा गांधी को एक व्यक्ति तक ही सीमित रखने की आवश्यकता नहीं है। उनके दर्शन तथा विचारों को जीवन में उतारा जाना चाहिए। ऊपर उठने के लिए संघर्ष की आवश्यकता होती है, किसी भी विचार को मुख्य धारा में बनाए रखने के लिए लगातार मेहनत और साधना का दामन थामे रखना होगा उन्होंने कहा कि तकनीक के कारण व्यक्ति के निजी क्षणों की भी तृतीय पक्ष द्वारा निगरानी रखी जाने लगी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण विज्ञान की अनवरत प्रगति हो रही है। विज्ञान की यह प्रगति व्यक्ति के स्वतंत्र अस्तित्व को चुनौती दे रही हैं। उन्होंने कहा कि खादी कातते हो तो खादी पहनी तथा खादी पहनते हो तो कातो, इस सूत्र को अंगीकार करके गांधी को समझा जा सकता है। गांधीजनों को अपने आपको नियमित अपडेट करना होगा। शांति एवं अहिंसा विभाग के निदेशक मनीष शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में मार्च तक जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित हो जाएंगे। इसी तरह प्रदेश के विभिन्न जिलों में किसान, आदिवासी, खादी व कौमी एकता आदि विषयों पर राष्ट्रस्तरीय सम्मेलन होंगे इस अवसर पर जिला कलक्टर अंश दीप, पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट, समग्र सेवा संघ प्रदेश अध्यक्ष सवाई सिंह, राष्ट्रीय युवा संगठक मनोज ठाकारे, गांधी स्मारक निधि राजघाट दिल्ली के अध्यक्ष रामचन्द्र राही, संजय सिंह उपस्थित रहे महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के संयोजक डॉ. श्रीगोपाल बाहेती ने सम्मेलन का परिचय दिया नरेश ठकराल ने आभार व्यक्त किया। सहसंयोजक शक्ति प्रताप सिंह ने स्वागत किया।

## पंचांग

दिनांक:-27 फरवरी 2023 सोमवार
विक्रम संवत2079फाल्गुन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | अष्टमी | 26:20:51 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | रोहिणी | 31:18:26 |
| योग | वैधृति | 16:10:01 |
| करण | विष्टि भद्र | 13:34:33 |
| करण | बव | 26:20:51 |
| चन्द्र राशि | वृषभ | |
| सूर्य राशि | कुम्भ | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय(जयपुर) | 06:54:28 | |
| सूर्यास्त | 18:25:05 | |
| चंद्रोदय | 11:27:12 | |
| चंद्रास्त | 25:45:51 | |
| राहू काल | 08:21 - 09:47 | |
| अभिजित | 12:18 - 13:03 | |

### शुभ चोघडिया

| | | |
|---|---|---|
| अमृत | 06:54 - 08:21 | शुभ |
| शुभ | 09:47 - 11:13 | शुभ |
| चर | 14:06 - 15:32 | शुभ |
| लाभ | 15:32 - 16:59 | शुभ |
| अमृत | 16:59 - 18:25 | शुभ |



विशेष जानकारी:-
होलाष्टक प्रारम्भ :-आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

# राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन में किया विस्तार

### उपाध्यक्ष बनाया धर्मेन्द्र कुमार मीना को और अलवर जिला उपाध्यक्ष बनाया बाबूलाल शर्मा को

### अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना ने सिफारिश की राष्ट्रीय अध्यक्ष से रैणी तहसील उपाध्यक्ष और अलवर जिला उपाध्यक्ष बनाने के लिए

गरीबों का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना ने मिडिया को बताया है कि हमारा यह संगठन पूरे भारत देश के सभी राज्यो मे बहुत तेजी से सक्रिय हो रहा है और आमजन के हित मे भ्रष्टाचार के खिलाफ व महिला अत्याचार और शोषण के विरूद्ध लगातार परैवी कर रहा है , हमारे इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जबरदस्त मुहिम चलाना है और महिलाओ के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाना व भ्रष्टाचारियो का पदार्फाश करना है तथा पुलिस प्रशासन का भी सहयोग करना है तथा आरटीआई एक्ट 2005 का उपयोग कर भ्रष्टाचार को भी उजागर करना एवं अन्य कई प्रकार भी काम जो आमजन के हित मे हो। यह संगठन भारत सरकार द्वारा रिकोग्नाइज्ड संगठन है और इस संगठन का रजिस्ट्रेशन नम्बर 26/2019 है , यह संगठन बहुत ही तीव्र गति से पूरे भारत देश मे सभी जगह विस्तार कर रहा है। इसी विस्तार कडि मे राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से महेश चन्द मीना अलवर जिला संयुक्त सचिव द्वारा भी अलवर की रैणी तहसील से भी लगातार संगठन सदस्य व संगठन पदाधिकारी बनाये जा रहे है जिनमे शनिवार को धर्मेन्द्र कुमार मीना आकोदा मीना ग्राम से संगठन पदाधिकारी के रूप मे रैणी तहसील उपाध्यक्ष बनाया है तथा अलवर जिला उपाध्यक्ष पद पर बाबूलाल शर्मा कारोठ रोड राजगढ को नियुक्त किया गया है। यहा पर संगठन मे सदस्यता महेश चन्द मीना अलवर जिला संयुक्त सचिव के द्वारा मनोनयन पत्र जारी करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार सदस्यता भी दी जाती है। इस संगठन मे संगठन सदस्य निःशुल्क सदस्य बनाये जाते है तथा संगठन सदस्य को पदाधिकारी द्वारा मनोनयन पत्र जारी किया जाता है। यह संगठन आमजन के हित मे सम्बन्धित जिम्मेदार उच्चाधिकारीगणो से सहयोग प्राप्त कर कामयाबी प्राप्त करने मे विश्वास रखता है। मिडिया को यह सारी जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा दी गई है।

# किसान का बेटा रैणी थानाधिकारी के रूप मे तैनात है ओमप्रकाश मीना एसआई

### *थानाधिकारी मीना का बृजेन्द्र सिंह बबेली व अन्य गणमान्य नागरिको द्वारा रविवार को फूल मालाओ से व साफा बांधकर किया स्वागत सत्कार*

### 2014-15 से ही सराहनीय सेवा दे रहा है ओमप्रकाश मीना एसआई

गरीबों का सितारा





**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड मुख्यालय पर स्थित पुलिस थाना रैणी मे थानाधिकारी के रूप मे किसान का बेटा ओमप्रकाश मीना 04 फरवरी 2023 से तैनात है और थानाधिकारी मीना 2014-15 से ही लगातार पुलिस विभाग मे ही सेवा दे रहा है। थानाधिकारी जयपुर जिले के बस्सी क्षेत्र के सवाई जयसिंहपुरा गांव के किसान परिवार के ग्रामीण क्षेत्र मे पढ़ाई करते हुए पुलिस अधिकारी के पद को सुशोभित कर रहे है। इससे पहले थानाधिकारी मीना अजमेर के किशनगढ सैकेंड अधिकारी तथा पुलिस थाना अराई पर दो साल तक थानाधिकारी के रूप मे सेवा दी है और इसके बाद एक साल अटैचमेंट पर फढ.ळ.उ.किशनगढ मे सेवारत रहे है एवं इसके बाद अलवर जिले के कोतवाली थाना मे एक माह रहे है उसके बाद 04 फरवरी 2023 से अलवर के रैणी थाने मे तैनात है। रविवार को बृजेन्द्र सिंह बबेली व जयसिंह कैप्टेन मकरोड़ा तथा मुकेश सुईला बास सहित अनेक गणमान्य नागरिको द्वारा रैणी थाने मे आकर स्वागत कक्ष मे फूल मालाओ से व साफा बंधवा कर भव्य स्वागत सत्कार किया गया और आपस मे एक दूसरे मिठाई खिलाकर मुह मिठा किया।

थानाधिकारी मीना ने मिडिया को बताया कि मेरे द्वारा आमजन मे विश्वास और अपराधियो मे भय सिद्धांत को लागु किया जावेगा। आमजन को पुलिस का सहयोग देना चाहिए और पुलिस से दोस्त जैसा व्यवहार करते हुए पुलिस को आमजन के द्वारा ज्यादा से ज्यादा सहयोग देना चाहिए।

## बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**वी.पी.मीणा कोटपूतली।** कोटपूतली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाला शातिर चोर को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरों की तलाश करते हुए विशेष पुलिस टीम गठित कर रविवार को मोटरसाइकिल चोरी करने वाले शातिर चोर 23 वर्षीय संदीप पुत्र दाताराम जाट निवासी शुक्लावास थाना सरुण्ड को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि राजेंद्र यादव पुत्र रामजी लाल यादव निवासी जगदीश पुरा थाना सरुण्ड ने 19 फरवरी को पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था कि उसकी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस डाबला रोड कोटपुतली से चोरी हो गई थी। जिसका आरोपी गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल जब्त की गई।

# बैरेर सीनियर स्कूल में वार्षिकोत्सव व प्रतिभावन पुरूस्कार वितरण समारोह आयोजित

### *टहटड़ा सीनियर स्कूल मे तीन कमरों का शिलान्यास किया गया स्थानीय विधायक*





गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर)/महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के बैरेर सरकारी सीनियर स्कूल मे शनिवार को वार्षिकोत्सव एंव प्रतिभावन पुरस्कार वितरण समारोह तथा भामाशाह सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसी तरह से शनिवार को ही टहटड़ा सीनियर सरकारी स्कूल मे स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना द्वारा तीन कमरो का 33.75 लाख की लागत से समसा द्वारा निर्मित कमरो का भी शिलान्यास किया गया। स्थानीय शाला परिवार व टहटड़ा गांव वासियो तथा टहटड़ा सरपंच सहित सभी ने स्थानीय विधायक का गाजा बाजा से जोरदार स्वागत सत्कार किया गया , मिडिया को यह सारी जानकारी टहटड़ा स्कूल व्याख्याता चेतराम मीना के द्वारा दी गई है। इधर बैरेर प्रधानाचार्य सुरेश चन्द मीना ने मिडिया को बताया कि मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना के द्वारा सरस्वती माता के दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे रैणी प्रधान मीरा मांगेलाल मीना व कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच के द्वारा की गई है। प्रधानाचार्य मीना ने बताया कि इस दौरान



विधार्थियो के द्वारा रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा भामाशाहो का सम्मान किया गया और प्रतिभावन विधार्थियो को समृति चिन्ह और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा कक्षा-12 के विधार्थियो को भी विदाई दी गई । इस दौरान सभी अतिथियो का शाला परिवार की ओर से व गांव के पंच पटेलो के द्वारा फूल मालाओ से साफा बांधकर स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना ने विधालय मे एक कमरा बनवाने की घोषणा की है और साथ मे ही स्थानीय प्रधान मीरा मांगेलाल मीना ने भी विधालय के खेल मैदान की अधूरी बाउण्ड्री को पूरा कराने की घोषणा की गई है। प्रधानाचार्य मीना ने सभी ग्राम वासियो का व आये अतिथियो का आभार प्रकट करते हुए सभी विधार्थियो को सतत रूप से अध्ययन कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की सलाह दी गई और इस दौरान कार्यक्रम का मंच संचालन घनश्याम मीना व.अ. द्वारा किया गया।

|| आवश्यकता ||

आपके पसंदीदा अग्रणी अखबार
"गरीबों का सितारा"
को राजस्थान एवं अन्य राज्यों के प्रमुख जिलों से संपादक एवं ब्यूरो चीफ नियुक्त करने हेतु आवश्यकता है एक्सपर्ट एवं अनुभवी कुशल युवक-युवतियों की।

नोट : अनुभवी, साफ छवि तथा मार्केट में पकड़ रखने वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें।

प्रमोद शर्मा
सम्पादक
Mob. 8233553666

राजेन्द्र शर्मा
प्रधान सम्पादक
Mob. 7733050125

।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।

गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम | निर्भीक आवाज

भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्वीकृति पर विधायक का जताया आभार

*पूर्व डीसीसी सदस्य इब्राहिम पठान व मालीराम सारण के नेतृत्व में विधायक बेनीवाल का किया स्वागत*



गरीबों का सितारा

**चौमू/शाहपुरा।** शाहपुरा विधानसभा इलाके की ग्राम पंचायत तिगरीया में दायरा और बावड़ी में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्वीकृत होने पर रविवार को ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल विधायक बेनीवाल से मिलकर आभार जताया और फूल माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व डीसीसी सदस्य इब्राहिम पठान और पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मालीराम सारण के नेतृत्व में मिले ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक का आभार जताया। इस मौके पर ग्रामीणों ने गांव में वर्षो से व्याप्त वार्ड 13 में सड़क की मुख्य समस्या से भी अवगत करवाया, जिस पर विधायक बेनीवाल ने शीघ्र समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव की अन्य समस्याओं से अवगत करवाकर समाधान की मांग की। इस मौके पर झबार भाटी, बाबूलाल पटेल, प्रकाश बागड़ा, सेडू राम यादव, श्रवण बागड़ा, बाबूलाल यादव, पप्पू मीना, याकूब खान, प्रेमप्रकाश वर्मा, रामपाल रैगर सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

**आत्मीयता देख खुश हुए ग्रामीण:** ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल जैसे ही विधायक निवास पर पहुंचा, वहां पर विधायक की आत्मीयता और सादगी देख खुश नजर आए। हुआ यू की विधायक ने ग्रामीणों के स्वागत सत्कार से खुश होकर नीचे फर्श पर ग्रामीणों के साथ बैठकर ग्रामीणों से मिले।

### अराजकता,असामाजिकता व खून खराबा कांग्रेस की रग-रग में

गरीबों का सितारा



**कालवाड़।** अभी राजस्थान में ही नहीं संपूर्ण भारत में जहां कहीं भी कांग्रेस की सरकारें हैं वहां वहां अराजकता वह खून खराबा का माहौल बना हुआ है इन वर्तमानिक घटनाओं को देखते हुए भाजपा राष्ट्रीय शाह शक्ति संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रमेंद्र कुमार नटवाडिया ने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता ही असामाजिकता व गुंडागर्दी की रही है यही कारण है कि देश की आजादी से पहले से लेकर अब तक इनके शासन में जनता को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा है इनके राज में जनता चैन की सांस नहीं ले पाई सब जगह जनता में डर का माहौल है चाहे वह उदयपुर का कन्हैया लाल हत्याकांड हो या फिर जोधपुर में वकील का दिनदहाड़े मर्डर मुख्यमंत्री के घर में ही अपराध को जन्म दिया गया है असामाजिक तत्व कानून की धज्जियां उड़ाते हुए दिनदहाड़े किसी के साथ बलात्कार , किसी के साथ अराजकता व किसी के साथ हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं उन्हें न कानून का डर है न सरकार का क्योंकि सरकारों के संरक्षण में ही ये लोग बेखौफ ऐसी वारदातों को अंजाम देते रहते हैं।

### राजस्थान राज्य अधिकृत राशन विक्रेता नियोजक संघ का कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष रामकेश मीणा को किया नियुक्त

गरीबों का सितारा



**बस्सी(रामफूल मीणा)।** राजस्थान राज्य अधिकृत राशन विक्रेता नियोजक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सरताज अहमद की अनुशंसा पर ग्राम सांवलियावास ग्राम पंचायत अनतपुरा निवासी रामकेश मीणा को राजस्थान राज्य अधिकृत राशन विक्रेता नियोजक संघ का कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया और प्रदेश अध्यक्ष सरताज अहमद ने बताया कि जयपुर में प्रदेश कार्यकारिणी व प्रदेश के वरिष्ठ साक्षी गण व संगठन के सक्रिय सदस्यों की सहमति पर यह निर्णय लिया गया है कि संगठन को प्रदेश स्तर पर सक्रिय करने के लिए एक कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया जावे जिसमें सर्वसम्मति से रामकेश मीणा का नियुक्त किया गया साथ ही आगामी आदेश तक प्रदेश स्तर पर संगठन को सक्रिय व डीलर में डीलर हित में कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया। मीणा की नियुक्ति पर पुरे विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर है।

### वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह 'उमंग 2023' का हुआ आयोजन



गरीबों का सितारा

**राजगढ़ (अलवर)** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह "उमंग 2023" का आयोजन सेमिनार हाल में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधायक जौहरी लाल मीणा ने कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारवान बनाये। अच्छे चरित्र एवम संस्कार से ही अच्छे नागरिक बनाये जा सकते है। महाविधालय में विकास कार्य करवाने के लिए दस लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजगढ़ उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्द्धा का युग है। विद्यार्थी दृढ़ संकल्पित होकर तैयारी करें तो अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य राव सज्जन सिंह ने महाविधालय का वर्ष भर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अतिथियो द्वारा महाविधालय की ओर से प्रकाशित छह माही पत्रिका संचेतना का विमोचन किया। अतिथियो ने माँ सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बालिकाओ ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। महा विद्यालय के विभिन्न प्रकोष्ठ एवं परिषदों, महिला अध्ययन प्रकोष्ठ, योजना मंच, एनएसएस, रोवर स्काउट, साहित्यिक परिषद, खेल विभाग, इतिहास, भूगोल तथा रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। छात्रसंघ अध्यक्ष ने महाविद्यालय की मांगे रखी। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ देशराज वर्मा, डॉ अशोक मीणा, व डॉ कमलेश जैन ने किया।

*वर्द्धमान फैशन डिजाइन का स्तर मेट्रो शहरों से कम नही*

# मिसेज इंडिया क्वीन, मिसेज इण्डिया यूनिवर्स ब्यूटी स्माइल: परिधि भटनागर







गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति के तत्वावधान में वर्द्धमान पी जी गर्ल्स कॉलेज के फैशन डिजाइन एण्ड मेकअप आर्टिस्ट डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित वर्द्धमान फैशन शो-2023 फॉल इन्टॅ फैशन का आयोजन किया जिसमें 60 से अधिक मॉडल्स पर अपने द्वारा बनाये गये परिधानों से रेम्प वॉंक के माध्यम से आकर्षक प्रदर्शन करके दर्शकों का मनमोहा ......

इस विशेष आयोजन की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध मॉडल मिसेज इंडिया क्वीन, मिसेज इण्डिया यूनिवर्स ब्यूटी स्माइल -परिधि भटनागर एवम् कार्यक्रम अध्यक्ष बैंगलोर के प्रसिद्ध समाजसेवी श्री पन्नालाल जी कोठारी ने की । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तथा समारोह अध्यक्ष ने माँ सरस्वती तथा भगवान महावीर की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर किया महाविद्यालय के प्राचार्य डाँ आर सी लोढ़ा ने वर्ष भर की उपलब्धियाँ ओर गतिविधियों पर संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । उसके पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं ने भारतीय सिनेमा ह्लकल ओर आजह्व पर विभिन्न गानो पर एक चित्रहार प्रस्तुत किया

रेम्प वॉंक के प्रथम चरण वेव आफ ब्लूयू के तहत फैशन डिजाइन की छात्राओं ने गाऊन के साथ धवल साफा पहन कर इन्डो वेस्टर्न पर केट वॉंक का प्रदर्शन किया । द्वितीय चरण मे बेली आफ बाल्स में छात्राओं ने वस्त्रों पर अनूठे रंग संयोजन से नये लुक के गाउन की प्रस्तुति दी । तीसरे चरण अरबन ट्रेंडिंज में माडल ने आने वाले कल की दौर के फैशन परिधान के साथ रेम्प वॉंक किया तो दर्शकों ने करतल ध्वनि से मॉंडल की हौसला अफजाई की वर्द्धमान फैशन शो- 2023 फॉल इन्टू फैशन में बेस्ट रैम्प वॉक - गायत्री, अलफिया बानो और श्रेया रही । बेस्ट डिजाइनर - रविना, तेजस्वनी एवं पूजा जांगिड, बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट - प्रेमलता, बेस्ट हेयर आर्टिस्ट - मुस्कान, फैशन डिजाइनिंग टॉपर - दीपिका मेहता, मेकअप आर्टिस्ट टॉपर - खुशी बिनायकिया ने प्राप्त किया फैशन शो में निर्णायक की भूमिका वर्षा तापड़िया, मेघा अग्रवाल, इशिका जैन ने निभायी

गौरतलब है कि सभी वस्त्र परिधान फैशन इंस्टीट्यूट की फैशन डिजाइनर व्याख्याता छवि गरवाल , सौम्या जैन, रितु प्रजापति के निर्देशन में संस्थान में ही तैयार किये गये साथ ही सभी मॉडल्स का मेकअप मेकअप आर्टिस्ट डिपार्टमेन्ट की व्याख्याता सुमन अग्रवाल के निर्देशन में किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि मिसेज इंडिया क्वीन, मिसेज इण्डिया यूनिवर्स ब्यूटी स्माइल - परिधि भटनागर ने कहा वर्द्धमान शिक्षण समिति का फैशन डिजाइन इंस्टीट्यूट बड़े शहरों के मापदंडों के हिसाब से उच्च स्तरीय है, साथ ही यहाँ की छात्राओं ने जो क्रियेशन दिये है वह आला दर्जे के है । उन्होंने यह भी कहा कोई जमाने में भारी भरकम रकम खर्च करने के बाद डिप्लोमा मिलता था ओर यह सुविधाएँ केवल बड़े शहरों में ही उपलब्ध होती थी, ब्यावर जैसे शहर में मेट्रो शहरों जैसी सुविधा वर्द्धमान शिक्षण समिति ने यहाँ की छात्राओं को उपलब्ध करायी है यह शहर के लिए गौरव की बात है - आज फैशन का बहुत विस्तृत ओर बड़ा है छात्राओं के लिए कैरियर बनाने की असीमित संभावनाऐ है, कक्षा 12 के बाद कोई भी विद्यार्थी इस हुनर के माध्यम से अपना अलग मुकाम बना सकता है कार्यक्रम के समापन पर समिति मंत्री डाँ नरेन्द्र पारख ने सभी का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष जवरीलाल शिशोदिया, उपाध्यक्ष सम्पतराज छल्लाणी एवं प्रकाश चन्द गदिया, कोषाध्यक्ष रमेशचंद मेडतवाल, प्रचार मंत्री दीपचंद कोठारी, चंदूलाल कोठारी, धनपतराज श्री श्रीमाल, अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढ़ा तथा वर्द्धमान ग्रुप के शिक्षण प्रधान, संकाय सदस्य, कर्मचारी, बड़ी संख्या में विद्यार्थी छात्राए, अभिभावकगण, पत्रकार बन्धु, चिकित्सक, अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम में श्री रमेश भराड़िया अध्यक्ष आदर्श विद्या मंदिर, श्री राजेंद्र गर्ग सचिव अग्रवाल शिक्षा समिति, विधि सलाहकार एडवोकेट अतुल बंसल, प्राचार्य सेंट पाल स्कूल, गुरुकुल स्कूल, नाज, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल सहित समाजसेविका वीना नाहर तथा कई संगठनों की महिला प्रधान उपस्थित रही । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निधि पंवार एवं सिमरन आसवानी ने किया । प्रशासनिक अधिकारी, अग्नि शमन ,पुलिस अधिकारी भी मय जाप्ता मुस्तैदी के साथ सक्रिय थे।

## त्योहारों को लेकर रामगढ़ थाने पर जिला कलेक्टर व एसपी ने ली सीएलजी सदस्यों की बैठक





गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रामगढ़ थाने पर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी व एस.पी. आनंद शर्मा ने त्योहारों को लेकर सीएलजी , ग्राम रक्षक , महिला सुरक्षा सखियों की बैठक ली । सीएलजी सदस्य पूर्व सरपंच देवेंद्र दत्ता ने रामगढ़ हॉस्पिटल में सुविधा के अभाव के बारे में अवगत कराया साथ ही रेलवे फाटक के कारण लगने वाले जाम के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि रेलवे फाटक पर पुल के अभाव के कारण काफी लंबा जाम लग जाता है जिसके कारण आमजन को परेशानी होती है । दोहली गांव की महिला ने एसपी को चार्ट पर नक्शा बनाकर अवगत कराते हुए बताया कि रोड के पास कुछ गांव के व्यक्ति ताश पत्तियों पर जुआ खेलते हैं जिला कलेक्टर ने कहां की दिल्ली मुंबई हाईवे रोड बनने के कारण रामगढ़ क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा।

जिला कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि लोगों की समस्या का जल्द ही निवारण किया जाएगा उसके पश्चात जिला कलेक्टर व एसपी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रही सेकंड पारी की रीट की परीक्षा का निरीक्षण किया । एसपी ने थाने का बारीकी से निरीक्षण किया उसके पश्चात मुख्य बाजार में सब्जी मंडी के पास बाजार में होने वाली जाम की समस्या के बारे में जानकारी ली । इस मौके पर भाजपा नेता देवेन्द्र दत्ता ने जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी व पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा को माला पहनाकर व साफा बांधकर समान किया इस मोके पर एसडीएम अमित कुमार वर्मा, डीएसपी देशराज गुर्जर, तहसीलदार धीरेंद्र कर्दम, थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार, एएसआई बंसीलाल रामगढ़ समाजसेवी जवाहर लाल तनेजा रामजीलाल मेघवाल तैयब हुसैन एडवोकेट दयाकिशन सैनी हेड कांस्टेबल चंद्रपाल सिंह चोधरीमौजूद रहे ।मिडिया को यह सारी जानकारी रामगढ से अमित कुमार भारद्वाज के द्वारा दी गई है।

## वैश्य समाज महिलाओं ने फूलों से खेली होली, केमिकल गुलाल से दूर रहने का दिया संदेश




गरीबों का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे के पुराना बस स्टैंड स्थित महावर भवन में वैश्य समाज की महिला मंडल के द्वारा होली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने फागुन और होली के गीतों पर होली खेली व सांस्कृतिक सामूहिक नृत्य किया। एक दूसरे को फूल लगाकर होली खेलकर पानी बचाने का संदेश दिया। समाज की महिलाओं ने जानकारी देते हुए बताया कि यह त्यौहार रंग बिरंगी खुशियों भर देता है। होली का त्यौहार आपसी भाईचारा और मनमुटाव को दूर करने का त्यौहार है ऐसे में सभी को अपने मनमुटाव को दूर कर अपनेपन का भाव के साथ समाज में भाईचारा बनाए रखने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि रंगों में केमिकल होता है जिससे आंखें खराब होने के साथ-साथ शरीर की त्वचा खराब होती है चर्म रोग होने से परेशानियां बढ़ जाती हैं। इसलिए रंग-बिरंगे गुलाब और फूलों की पंखुड़ियों से होली खेलने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान नीलू जिन्दल, कांता खंडेलवाल, मंजू गुप्ता, रेखा गोयल, अनीता अग्रवाल, सुनीता गुप्ता, प्रमिला, कोमल, प्रीति, रेनू नीतू अग्रवाल, पूजा, निर्जा जैन, कमलेश, मीनाक्षी सहित वैश्य समाज की महिलाएं मौजूद रहीं।

## डोडा पोस्त बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

गरीबों का सितारा



**वी.पी.मीणा कोटपूतली।** कोटपूतली पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त चुरा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना अधिकारी सवाई सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश व डीएसपी गौतम कुमार के आदेशानुसार अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ऐसे लोगों को चिन्हित कर निरंतर कार्रवाई कर रही है। जिसको लेकर रविवार को विशेष टीम का गठन कर लक्ष्मीनगर कोटपूतली निवासी 37 वर्षीय सतीश कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। जिसके मकान से 850 ग्राम अवैध डोडा पोस्ट चूरा बरामद किया गया।

*रैणी के सरकारी अस्पताल मे लगा नसबन्दी शिविर*

## 20 महिलाओ का रजिस्ट्रेशन हुआ और नसबन्दी शिविर मे 19 महिलाओ का ऑपरेशन किया

गरीबों का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रैणी पर रविवार 26 फरवरी को नसबन्दी शिविर आयोजित हुआ जिसमे 20 महिलाओ ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था लेकिन 19 महिलाओ का ऑपरेशन किया शिविर मे ।यह नसबन्दी शिविर एनजीओ के रितिका जन कल्याण समिति अलवर द्वारा आयोजित कराया गया। हर माह की 26 तारीख को रैणी मे आयोजित होता है। नसबन्दी शिविर मे सर्जन डाक्टर बी एल मीना द्वारा ऑपरेशन किए गए है कैम्प मे लाभार्थी महिलाओ को 2 हजार रुपए एवं प्रेरक को 300 रुपए दिये जाते है तथा 104 द्वारा लाभार्थी को घर पर छोडा जाता है। मिडिया को यह सारी जानकारी मनोज शर्मा व रितिका जन कल्याण समिति अलवर के मेल नर्स दिनेश मीना के द्वारा दी गई है।

## बल्देवगढ़ : खाटू श्याम की पदयात्रा के दौरान श्याम भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा

*नरसिंह बाबा के मंदिर से खाटू श्याम की पदयात्रा रवाना , जगह-जगह खाटू श्याम प्रेमियों ने की पुष्प वर्षा*





गरीबों का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के बल्देवगढ़ कस्बे के नरसिंह बाबा मंदिर से भगवान श्याम खाटू नगरी सीकर खाटू श्याम की 19वीं पदयात्रा रविवार करीब एक बजे ध्वज पूजन व दीप प्रज्वलित के साथ विशेष पूजा अर्चना की गई। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली खाटू श्याम की पदयात्रा के दौरान श्याम भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान हरिनारायण मोदी ने दीप प्रज्वलित व ध्वज पूजन कर श्याम भक्तों ने यात्रा में भगवान खाटू श्याम के जयकारों के साथ कस्बे के मुख्य मार्गो से पद यात्रा निकली तो कस्बे वासियों ने पुष्प वर्षा कर पद यात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान छाजू राम शर्मा, ठाकुर भवानी सिंह चौहान एवं बंटी धामाणी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

|| आवश्यकता ||

आपके पसंदीदा मीडिया समूह "गरीबों का सितारा" को राजस्थान के समस्त विधानसभा क्षेत्र, तहसील क्षेत्र एवं पुलिस थाना और नगरपालिका स्तर पर कुशल एवं अनुभवी पत्रकारों, मार्केटिंग मैनेजर और ऑफिसर्स की आवश्यकता है।

नोट: संवाददाता हेतु जो खबर को सही रूप में लिखना एवं बोलना जानते हो वहीं व्यक्ति सम्पर्क करें।

गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम / निर्भीक आवाज

प्रमोद शर्मा
सम्पादक
Mob. : 8233553666

रवि कुमार बैरवा
कार्यकारी सम्पादक
Mob. 9782527840

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# घाटी में गैर कश्मीरियों पर आतंकी हमला कायरतापूर्ण

हिंदी में कहावत है, दीया बुझने से पहले फड़फड़ता है, उसकी लौ तेज हो जाती है। ऐसा ही कश्मीर में आतंकियों के साथ हो रहा है। दहशतगर्दों की कमर टूट चुकी है। हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने एक-एक करके आतंक के कंमाडरों को हलाल कर दिया है। बचे-खुचे आतंकी सॉफ्ट टारगेट कश्मीरी पंडितों या गैर कश्मीरियों को निशाना बनाकर खुद का वजूद बचाए रखने की कोशिशों में लगे हैं। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को आतंकियों ने एक कश्मीरी पंडित 40 साल के संजय शर्मा को तब गोली मार दी, जब वह पत्नी के साथ सुबह 10.30 बजे मार्केट जा रहे थे। संजय अचान गांव के रहने वाले थे और बैंक में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात थे। हमले की जिम्मेदारी कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स नाम के आतंकी संगठन ने ली है। इस संगठन ने एक मैसेज जारी करके कहा कि आज सुबह हमने पुलवामा के रहने वाले काशीनाथ शर्मा के बेटे संजय शर्मा को एलिमिनेट कर दिया। हमने इससे पहले कई बार वॉर्निंग दी है कि भारत के कश्मीरी पंडितों, हिंदू और पर्यटकों को यहां खत्म कर दिया जाएगा। असल में ऐसे हमले आतंकियों की बौखलाहट का नजीजा हैं। लोकल स्तर पर युवाओं ने आतंकी गुटों से मुंह मोड़ लिया है, वे समझ चुके हैं कि खून खराबे से किसी का भला होने वाला नहीं है। उन्हें यह भी समझ में आ गया है कि अब घाटी में आतंवाद के महज चंद दिन ही शेष बचे हैं। सुरक्षा बल लगातार इन पर प्रहार कर रहे हैं। यहां तक कि आर्थिक रूप से भी वे अब बदहाल हो चुके हैं, लेकिन आतंकी सरगना नित्य नए-नए हथकंडे अपनाकर युवाओं को साथ जोड़ने की नापाक कोशिशों में लगे हैं। अब घाटी के युवाओं को यह कहकर बरगलाने का प्रयास हो रहा है कि आर्टिकल 370 हटने के बाद बाहर से आने वाले प्रवासी कामगार उनकी नौकरियां और जमीनों पर कब्जा जमा लेंगे। इस दुष्प्रचार के जरिये वे कश्मीर में फिर से समर्थन जुटाने की कोशिशों में लगे हैं, लेकिन उनके मंसूबे पूरे होने वाले नहीं हैं। सच्चाई यह है कि पुलवामा हमले के 4 साल बाद कश्मीर में जमीनी हकीकत बदल चुकी है। इस अवधि में 800 आतंकी मारे जा चुके हैं और 1,504 पकड़े गए। आतंकियों का वित्तीय नेटवर्क तबाह हो चुका है। हालत यह है कि जैशे मुहम्मद, लश्करे तैयबा व हिजबुल मुजाहिदीन की कमान संभालने को कोई आतंकी कमांडर तैयार नहीं है। दरअसल आतंकी संगठन इस समय पूरी तरह हताश हैं, इसीलिए वे गैर कश्मीरियों को सॉफ्ट टारगेट समझकर निशाना बना रहे हैं, ताकि अपना आधार बनाए रखा जा सके। असल में आतंक की रीढ़ टूटने से इसका आका पाकिस्तान परेशान है। उसे बेशक हर मोर्चे पर शिकस्त झेलनी पड़ी है, पर अभी भी वह साजिशें रच रहा है। उसके कुछ पैरोकारी कश्मीर में नई पीढ़ी के मन में जहर भर रहे हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। सुरक्षा बल खास रणनीति पर काम कर रहे हैं और 380 युवाओं को मुख्यधारा में लाया भी गया है। कश्मीर के दूरदराज क्षेत्रों में युवाओं व किशोरों को गुमराह किया जा रहा। इन बातों से यह बात सामने आ रही है कि कश्मीर में अब आतंकवाद दम तोड़ रहा है। इससे पाक परेशान है। वो हरसंभव प्रयास कर रहा है कि किसी भी सूरत में धरती के स्वर्ग पर दहशतगर्दी को जिंदा रखा जाए। इस पर हमारी सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क रहना होगा। अब तक जिस तरह से उन्होंने आतंकवाद को कड़ा जवाब दिया है, उस जारी रखते हुए पाक की हर नापाक हरकत पर नजर रखने के अलावा यह प्रयास भी करने होंगे कि आतंकी किसी भी सूरत में कश्मीरी युवाओं को बरगलाने में कामयाब न हों।



# पारिस्थितिकी में गड़बड़ी लाता मौसम

परिवर्तन
रमेश पोखरियाल निशंक

**जीवमंडल की स्थिरता के लिए ऊर्जा और पदार्थ दोनों की आवश्यकता होती है। जीवमंडल के विभिन्न घटक तथा उसके बीच ऊर्जा और पदार्थ का आदान-प्रदान सभी एक साथ मिलकर पारिस्थितिक तंत्र का निर्माण करते हैं। यहां यह ध्यान देना आवश्यक है कि किसी भी एक घटक के कम या अधिक हो जाने से संपूर्ण जीवमंडल में असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मौसम परिवर्तन से भी कमोबेश ऐसे ही कुछ हालात उत्पन्न हो गए हैं। हरित-गृह गैसों की इस कमी का लोगों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सम्पूर्ण विश्व में मौसम परिवर्तन के प्रति जागरूकता फैलाकर हम पहला कदम उठा सकते हैं। मौसम परिवर्तन के खिलाफ लम्बी लड़ाई लड़नी है।**

आर्नेस्ट हैकल ने पारिस्थितिकी को पारिभाषित करते हुए लिखा है कि जैविक तथा अजैविक वातावरण के साथ प्राणियों के अंतः संबंधों का पूर्णता अध्ययन ही परिस्थितिकी कहलाता है। हम सभी जानते हैं कि जीवमंडल के जीवों का एक दूसरे से गहरा संबंध होता है। जीवमंडल की स्थिरता के लिए ऊर्जा और पदार्थ दोनों की आवश्यकता होती है। जीवमंडल के विभिन्न घटक तथा उसके बीच ऊर्जा और पदार्थ का आदान-प्रदान सभी एक साथ मिलकर पारिस्थितिक तंत्र का निर्माण करते हैं। यहां यह ध्यान देना आवश्यक है कि किसी भी एक घटक के कम या अधिक हो जाने से संपूर्ण जीवमंडल में असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मौसम परिवर्तन से भी कमोबेश ऐसे ही कुछ हालात उत्पन्न हो गए हैं। कुछ वर्ष पूर्व अंतरराष्ट्रीय सम्मलेन में भाग लेने के दौरान मौसम परिवर्तन की बड़ी बातें सुनाई दी। पता चला मॉरिशस जलवायु परिवर्तन, तटीय क्षरण, और जल प्रबंधन, जैव विविधता की हानि, मिट्टी की गिरावट, आक्रामक प्रजातियों, समुद्री प्रदूषण, अपशिष्ट प्रबंधन, टिकाऊ भूमि उपयोग जैसे कई पर्यावरणीय खतरों से ग्रस्त हैं। यही कारण है कि यूएनडीपी को सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के अनुकूलन और शमन उपायों को बढ़ावा देने के लिए सरकार के कदमों को समर्थन प्राप्त हुआ है। मौजूदा संकट को देखते हुए पर्यावरण, जलवायु और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को मुख्यधारा में शामिल करना महत्वपूर्ण है। वर्षा, सूर्य की किरणें, वायु, आद्रता एवं तापमान ऐसे कारक हैं जो किसी स्थान की ऋतु को प्रभावित करते हैं।

हिमालय के उच्च पर्वतीय क्षेत्र में, जो पश्चिम में अफगानिस्तान से लेकर पूर्व में म्यांमार तक फैला हुआ है, 20वीं शताब्दी की शुरुआत के बाद से हवा का तापमान लगभग दो डिग्री फ़ारेनहाइट बढ़ गया है और ठंडे तापमान बाकी हिस्सों की तुलना में तेजी से गर्म हो गए हैं। जवाब में, ग्लेशियर पीछे हट रहे हैं; पर्माफ्रॉस्ट पिघल रहा है; और मौसम का पैटर्न अधिक अनिश्चित होता जा रहा है, लाखों लोगों के लिए पहले के विश्वसनीय जल स्त्रोतों को बाधित कर रहा है और अधिक प्राकृतिक आपदाएं संभावित है। मौसम में परिवर्तन अचानक हो सकता है एवं इसका अनुभव किया जा सकता है, जबकि ऋतु परिवर्तन होने में लंबा समय लगता है, इसलिए इसे अनुभव करना अपेक्षाकृत कठिन है। पृथ्वी के पूरे इतिहास के दौरान ऋतु परिवर्तन होता रहा है। हमेशा ही स्पष्ट रूप से पारिभाषित ग्रीष्म एवं शीत ऋतु रही है एवं इस परिवर्तन के प्रति सभी जीवन रूपों ने अपने आप को ढाल लिया है। गत 150-200 वर्षों के दौरान यह परिवर्तन अधिक तेजी से हो रहा है एवं कुछ विशेष प्रजाति के पौधों एवं जंतु इसके अनुसार स्वयं को नहीं ढाल पाएं हैं। मानवीय गतिविधियां परिवर्तन की इस गति के लिए जिम्मेदार है एवं वैज्ञानिकों के लिए यह चिता का एक कारण है। यह सर्वविदित है कि पृथ्वी के चारों ओर का वायुमंडल मुख्यतः नाइट्रोजन 78%, ऑक्सीजन 21% तथा शेष 1% में सूक्ष्ममात्रिक गैसों से मिलकर बना है, जिनमें ग्रीन हाउस गैसें कार्बन



डाईऑक्साइड, मीथेन, ओजोन, जलवाष्प, तथा नाइट्रस ऑक्साइड भी शामिल हैं। ये ग्रीनहाउस गैसें आवरण का काम करती हैं एवं इसे सूर्य की पैराबैंगनी किरणों से बचाती हैं। पृथ्वी की तापमान प्रणाली के प्राकृतिक नियंत्रक के रूप में भी इन्हें देखा जा सकता है।

यदि विश्व के सभी देश ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम नहीं करते तो 21वीं शताब्दी के अंत तक ऐसा संभावित परिदृश्य हो सकता है। पहला जनसंख्या और आर्थिक वृद्धि के आधार पर तापमान 1-3.50 सेल्सियस तक बढ़ जाएगा। बात यहीं पर ख़त्म नहीं होती -समुद्र तल 15-90 सें. मी० ऊंचा हो जाएगा जिससे करोड़ों लोगों को बाढ़ का भय होगा। वर्षा कम होगी एवं खाद्य फसलों में कमी होगी। तो क्या यह सही समय नहीं है कि विश्व समुदाय इस समस्या की गंभीरता के प्रति जागरूक हो? वर्षों से, मानवीय गतिविधियों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में वृद्धि की है, इतना कि प्रकृति में अपने सामान्य स्तर से वे कहीं अधिक हैं। ग्रीनहाउस गैसों के उत्पादन में महत्वपूर्ण कुछ मानवीय गतिविधियां हैः- औद्योगिक क्रिया-कलाप, ऊर्जा संयंत्रों से उत्सर्जन एवं परिवहन/वाहन। पेड़ों और वनों को काटने से यह समस्या और बदतर हो गई है। अधिकांश अध्ययनों के अनुसार, उष्णकटिबंधीय वर्षावनों में वनों की कटाई दुनिया की सड़कों पर कुल कारों और ट्रकों की तुलना में वातावरण में अधिक कार्बन डाइऑक्साइड जोड़ती है। वर्ल्ड कारफ्री नेटवर्क (डब्ल्यूसीएन) के अनुसार, कारों और ट्रकों का वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में लगभग 14 प्रतिशत का योगदान है, जबकि अधिकांश विश्लेषक वनों की कटाई को 15 प्रतिशत से ऊपर का श्रेय देते हैं। लॉगिंग जलवायु के लिए इतना खराब है इसका कारण यह है कि जब पेड़ों को काटा जाता है तो वे उस कार्बन को छोड़ते हैं जिसे वे वातावरण में जमा कर रहे हैं, जहां यह अन्य स्त्रोतों से ग्रीनहाउस गैसों के साथ मिल जाता है और तदनुसार ग्लोबल वार्मिंग में योगदान देता है। नतीजा यह है कि हमें वनों की कटाई को रोकने के लिए उतना ही करना चाहिए जितना कि हम ईंधन दक्षता बढ़ाने और ऑटोमोबाइल उपयोग को कम करने के लिए कर रहे हैं। हरितगृह गैस प्रभाव के कारण ही समतापमंडलीय ओज़ोन परत का क्षय हो रहा है जो सूर्य की हानिकारक किरणों से पृथ्वी की रक्षा करती है। समतापमंडलीय ओज़ोन के क्षय से सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणें बड़ी मात्रा में पृथ्वी पर पहुंचती हैं, जिससे श्वेत वर्ण के लोगों में त्वचा कैंसर जैसी बीमारियां होती हैं। इसकी वजह से बहुत-सारे लोग मोतियाबिंद जैसी आंख की बीमारियों से पीड़ित होने की संभावना रहती है। ऐसा अनुमान है कि यह प्रतिरक्षक-तंत्र (बीमारियों से रक्षा करने वाले तंत्र) को नुकसान पहुंचता है। विश्व में गर्मी बढ़ने के कारण उन क्षेत्रों में वृद्धि होगा जहां बीमारी फैलाने वाले कीड़े जैसे मच्छर आदि उत्पन्न होंगे जिससे संक्रमण तेजी से फैलेगा। समुद्री-स्तर बढ़ने के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुछ संभावित प्रभाव हैः-बाढ़ की वजह से मृत्यु तथा क्षति, खारे पानी के प्रवेश के कारण शुद्ध जल की उपलब्धता में कमी, प्रदूषण फैलाने वाले कूड़े कचड़े जो पानी में डूबे रहते हैं, इनके माध्यम से जल आपूर्ति का संदूषण, कृषिभूमि के क्षय के कारण पोषक-तत्व प्रभावित होंगे। इसके अलावा मानसिक तनाव और उससे उपजा अवसाद कई अन्य प्रकार की चुन्नौतियों का सामना करना पड़ेगा। रोकथाम के उपाय की बात करें तो ऊर्जा के वैसे साधन जिनको दोबारा निर्मित नहीं किया जा सकता है, के उपयोग में कमी करके उत्सर्जन को पर्याप्त मात्रा में कम करेगा। हरित-गृह गैसों की इस कमी का लोगों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, साफ ईंधन तथा ऊर्जावान तकनीक को अपनाने से अस्थायी प्रदूषकों को कम किया जा सकता है। सम्पूर्ण विश्व में मौसम परिवर्तन के प्रति जागरूकता फैलाकर हम पहला कदम उठा सकते हैं। मौसम परिवर्तन के खिलाफ हमें लम्बी लड़ाई लड़नी है।

(लेखक केंद्रीय मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



गौरी शंकर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है जो मनाली के नग्गर गाँव में स्थित है। यह मंदिर पत्थरों से उकेरी गई एक छोटी और आकर्षक संरचना है, लेकिन इस क्षेत्र में इसका ऐतिहासिक महत्व है। देवी गौरी और भगवान शिव के दिव्य स्वर को अभी भी मंदिर में देखा जा सकता है।

## अभ्यास से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है



संकलित
**दर्शन**

लोक कथा के मुताबिक पुराने समय में एक राजा ने अपने राज्य में घोषणा की कि राज दरबार में एक राज ज्योतिषी की जरूरत है। राजा की घोषणा सुनकर राज्य के बड़े-बड़े ज्योतिषी राज दरबार पहुंच गए। ज्योतिषियों से राजा खुद बात कर रहे थे। राजा ने ज्योतिषियों की परीक्षा लेने के लिए सभी से कई तरह के प्रश्न पूछे। राजा ने एक प्रश्न ये पूछा कि ज्योतिष में भविष्यवाणी किस आधार पर की जाती है? किसी ज्योतिषी ने नक्षत्र के आधार पर, किसी ने कहा कि ग्रहों के आधार पर, किसी ने कहा कि ये सब गणित है, किसी ने कहा कि हस्तरेखा ज्योतिष से सबसे सटीक भविष्यवाणी की जा सकती है। ज्योतिषियों की बातें राजा ने ध्यान से सुनी, लेकिन वह किसी से भी संतुष्ट नहीं हुआ। राजा को इस दौरान ध्यान आया कि उसके राज्य का एक ज्योतिषी नहीं आया है। राजा उस ज्योतिषी को अच्छी तरह जानते थे। राजा ने तुरंत ही अपने सेवकों को अनुपस्थित ज्योतिषी के पास भेज दिया और उसे बुलवाया। जब वह ज्योतिषी राज दरबार में आया तो राजा ने उससे पूछा कि क्या आपने मेरी राज ज्योतिषी की आवश्यकता वाली घोषणा नहीं सुनी थी? ज्योतिषी ने कहा कि मैंने वह घोषणा सुनी थी। उस ज्योतिषी ने कहा कि मैं भविष्य देख सकता हूं और मैं जानता हूं कि मैं इस राज्य का राज ज्योतिषी बनूंगा। ये बात सुनकर राजा चौंक गया। राजा ने उससे कहा कि लेकिन आप तो यहां परीक्षा देने आए ही नहीं, फिर कैसे राज ज्योतिषी बनेंगे। ज्योतिषी ने कहा कि मेरी कुंडली में तो राज ज्योतिषी बनने के योग हैं।

## मुफ्तखोर मेहमान



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा के शयनकक्ष में मंदरीसर्पिणी नाम की जूं ने डेरा डाल रखा था। रोज रात को जब राजा सो जाता तो वह चुपके से बाहर निकलती और राजा का खून चूसकर फिर अपने स्थान पर जा छिपती। संयोग से एक दिन अग्निमुख नाम का एक खटमल भी राजा के शयनकक्ष में आ पहुंचा। जूं ने जब उसे देखा तो वहां से चले जाने को कहा। लेकिन खटमल भी कम चतुर न था, बोला, 'देखो, मेहमान से इस तरह का बर्ताव नही किया जाता, मैं आज रात तुम्हारा मेहमान हूं'। जूं अंततः खटमल की चिकनी-चुपड़ी बातों में आ गई और उसे शरण देते हुए बोली, 'ठीक है, तुम रात भर यहां रुक सकते हो, लेकिन राजा को काटोगे नही उसका खून चूसने के लिए'। खटमल बोला, 'लेकिन मैं तुम्हारा मेहमान हूँ, मुझे कुछ तो दोगी खाने के लिए, और राजा के खून से बढ़िया भोजन और क्या हो सकता है'। जूं बोली, तुम चुपचाप राजा का खून चूस लेना। कहकर खटमल शयनकक्ष में राजा के आने की प्रतीक्षा करने लगा। रात ढलने पर राजा वहां आया और बिस्तर पर पड़कर सो गया। उसे देख खटमल सब कुछ भूलकर राजा को काटने लगा, खून चूसने के लिए। ऐसा स्वादिष्ट खून पहली बार चखा था, लालच वश वह राजा को जोर-जोर से काटकर उसका खून चूसने लगा। उसने क्रोध में भरकर अपने सेवकों से खटमल को ढूंढकर मारने को कहा। यह सुनकर चतुर खटमल तो पलंग के पाए के नीचे छिप गया लेकिन चादर के कोने पर बैठी जूँ राजा के सेवकों की नज़र में आ गई। उन्होनें उसे पकड़ कर मारा डाला।

## राष्ट्रीय प्रोटीन दिवस

डॉ. शशांक द्विवेदी



# पोषण पर जागरूकता जरूरी

लागों में स्वास्थ्य और पोषण को लेकर जागरूकता बढ़ाने को लेकर हर साल 27 फरवरी को राष्ट्रीय प्रोटीन दिवस मनाया जाता है। 2020 में इसकी शुरुआत की गई थी। स्वस्थ रहने के लिए हमारे शरीर को विटामिन्स, मिनरल्स समेत कई तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है। इन्हीं में से एक है प्रोटीन। खासकर हमारे शरीर की कोशिकाओं के रखरखाव और उनके विकास के लिए प्रोटीन बेहद जरूरी है। प्रोटीन के बिना शरीर का विकास संभव नहीं है। एक कहावत है कि जैसा खाये अन्न, वैसा रहे मन। यहां मन का अभिप्राय सम्पूर्ण स्वास्थ्य से है, क्योंकि स्वास्थ्य ही धन है, जब हम स्वस्थ रहेंगे, तभी अपनी समस्त जिम्मेदारियों का निर्वहन कर पाएंगे। प्रोटीन स्वस्थ आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रोटीन अमीनो एसिड नामक रासायनिक 'बिल्डिंग ब्लॉक्स' से बने होते हैं। हमारा शरीर मांसपेशियों व हड्डियों के निर्माण और मरम्मत तथा हार्मोन एवं एंजाइम बनाने के लिए अमीनो एसिड का उपयोग करता है। इनका उपयोग ऊर्जा स्त्रोत के रूप में भी किया जा सकता है। हमारी प्रोटीन की जरूरत कई कारकों पर निर्भर करती है, जैसे गतिविधि स्तर, आयु और स्वास्थ्य की स्थिति। एक स्वस्थ वयस्क के लिए औसतन 0.75 -1 ग्राम प्रति किलोग्राम आदर्श शरीर के वजन के बराबर प्रोटीन की जरुरत होती है। उच्च प्रोटीन का सेवन शरीर के मेटाबोलिज्म को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकता है। यह पूरे दिन अधिक कैलोरी जलाने में मदद करता है और देर रात के नाश्ते की इच्छा को कम कर सकता है। असल में उच्च प्रोटीन आहार भूख को कम करता है, जिससे आपको कम कैलोरी खाने में मदद मिलती है। यह वजन को नियंत्रित करने वाले हार्मोन के बेहतर कार्य के कारण होता है। निःसन्देह मांसपेशियों का निर्माण मुख्य रूप से प्रोटीन से होता है। उच्च प्रोटीन का सेवन आपको वजन घटाने के कार्यक्रम के दौरान, मांसपेशियों के नुकसान को कम करते हुए मांसपेशियों और ताकत हासिल करने में मदद कर सकता है। जो लोग अधिक प्रोटीन खाते हैं,उनकी हड्डियों का स्वास्थ्य बेहतर होता है और ऑस्टियोपोरोसिस और फ्रैक्चर का जोखिम बहुत कम होता है। अपने प्रोटीन का सेवन बढ़ाने से न केवल आपको वजन कम करने में मदद मिल सकती है, बल्कि इसे लंबे समय तक दूर रखा जा सकता है। भरपूर प्रोटीन खाने से उम्र बढ़ने से जुड़ी मांसपेशियों की हानि को कम करने में मदद मिल सकती है, रेशेदार प्रोटीन आपके शरीर के विभिन्न हिस्सों को संरचना, ताकत और लोच प्रदान करते हैं। पादप प्रोटीन में कुछ आवश्यक अमीनो एसिड की कमी होती है, लेकिन वे पशु आधारित प्रोटीन की तुलना में स्वास्थ्यवर्धक हो सकते हैं, क्योंकि इनमें वसा कम होता है, कोलेस्ट्रॉल नहीं होता है और आहार फाइबर भरपूर होता है। अंडे, नट और बीज, चिकन, क्विनोआ, टूना, दूध और दूध उत्पाद, सोया, बीन्स और दालें प्रोटीन के कुछ प्रमुख स्त्रोत हैं। कुल मिलाकर स्वस्थ भारत के सपने को पूरा करने के लिए उचित पोषण की बड़ी जरूरत है। पर्याप्त मात्रा में प्रोटीनयुक्त पोषक तत्व उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं में बेहतर सामंजस्य, योजनाओं का उचित कार्यान्वयन, जैसे विषय पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए गरीबी उन्मूलन पर केंद्रित योजनाओं को पोषण मिशन से जोड़ा जाए।

## होली की धूम..



जोधपुर में रविवार को होली के त्योहार से पहले फुटपाथ पर चंग (एक प्रकार का डफ) बेचता विक्रेता।

## आज की पाती

### नई शिक्षा नीति के लाभ

मोदी सरकार ने एक अच्छी पहल करते हुए वर्षों बाद शिक्षा नीति में जो बदलाव किया है, इसके तहत इतिहास को भी दुरुस्त किया जाएगा, यह उम्मीद हम सभी को है। हमारे देश की भावी पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और धरोहर से अवगत कराने के लिए बहुत से बुद्धीजीवियों ने बहुत बढिया सुझाव दिया कि स्कूली पाठ्यक्रम में पढ़ाए जाने वाले इतिहास को संशोधित किया जाए। आज भी स्कूली पाठ्यक्रम के इतिहास विषय में वो ही सामग्री है जो बहुत वर्ष पहले थी। इसमें तो कुछ विषय ऐसे भी हैं जिनका उपयोग भावी पीढ़ी के लिए कभी भी काम नहीं आने वाला। जबकि इतिहास की पुस्तक उन देशभक्तों की प्रेरक कहानियों से भरी होनी चाहिए जिन्होंने निस्वार्थ भाव से अपना सब कुछ देश के लिए न्योछावर कर दिया था।

*- संजीव ठाकुर, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# तुर्की में शिविर भरे, सड़कों पर रहने को मजबूर परिवार

तुर्की में आए भूकंप में जहां 50 हजार से अधिक लोगों की जान चली गई है तो वहीं लाखों लोग राहत शिविर में जगह पाने के लिए तरस रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार दक्षिणी तुर्की में बड़े पैमाने पर भूकंप के लगभग तीन सप्ताह बाद भी ओमरान अलस्वेद और उनका परिवार अस्थायी आश्रयों में रह रहे हैं। लाख कोशिशों के बावजूद उन्हें आधिकारिक शिविर में जगह नहीं मिल सकी है। तुर्की के अधिकारियों के अनुसार, भूकंप से बेघर हुए लगभग दो मिलियन लोगों को टेंट, कंटेनर घरों और अन्य सुविधाओं में रखा जा रहा है, लेकिन 25 वर्षीय अलस्वेद ने कहा कि उनके विस्तारित परिवार को अभी तक सरकारी मदद का लाभ नहीं मिला है। सरकारी मदद के बिना हजारों परिवारों को दो वक्त की रोटी के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। 25 वर्षीय अलस्वेद ने बताया कि भूकंप के कारण उनका घर मलबे में तब्दील हो गया है जिसके कारण उन्हें अपने पड़ोस के एक बगीचे में शरण लेनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी समस्या टेंट की है। 19 दिन हो गए हैं और उन्हें अभी तक एक भी टेंट नहीं मिला। अलस्वेद ने टेंट कैंप में जाने के लिए भी आवेदन किया था, लेकिन उन्होंने कहा कि पास के कैंप भरे हुए हैं।



## ऑफ बीट

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए नींद इतनी महत्वपूर्ण क्यों है

जब हम सोचते हैं कि ऐसा क्या है जो खिलाड़ियों को महान बनाता है, तो हम में से कुछ लोग यह सोचेंगे कि शायद वह कम सोते होंगे। लेकिन दुनिया के कई बेहतरीन एथलीटों का कहना है कि भरपूर नींद उनके प्रशिक्षण की दिनचर्या का एक अनिवार्य हिस्सा है और उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करने की कुंजी है। उदाहरण के लिए, सेरेना विलियम्स हर रात आठ घंटे की नींद लेने की कोशिश करती हैं। एनबीए स्टार लेब्रोन जेम्स प्रति रात आठ से दस घंटे सोने का लक्ष्य रखता है, जबकि एनएफएल के दिग्गज टॉम ब्रेडी का कहना है कि वह जल्दी सो जाता है और कम से कम नौ घंटे की नींद लेता है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि नींद चयापचय, ऊतकों (जैसे हमारी मांसपेशियों) की वृद्धि और मरम्मत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, और स्मृति, प्रतिक्रिया समय और निर्णय लेने की क्षमता की बेहतरी को सुनिश्चित करती है। ये सभी प्रक्रियाएं खेल प्रदर्शन को प्रभावित करती हैं। लेकिन सिर्फ एथलीट ही नहीं है जिनके एथलेटिक प्रदर्शन को उचित नींद से फायदा हो सकता है। यहां तक कि शौकिया जिम जाने वाले भी हर रात पर्याप्त अच्छी नींद लेकर अपनी फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए व्यायाम के लाभों को अधिकतम कर सकते हैं।



## ट्रेंड

### बाजरा के लिए मानक



श्री अन्ना के लिए भारत को ग्लोबल हब बनाना। एफएसएसएआई घरेलू और वैश्विक बाजारों में अच्छी गुणवत्ता वाले बाजरा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 15 प्रकार के बाजरा के लिए एक व्यापक समूह मानक तैयार किया है।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

### भूकंप से प्रभावित



न्यूयॉर्क शहर, लॉस एंजिल्स, पेरिस और रोम की संयुक्त आबादी की कल्पना करें, जिनके पास घर, बिजली, भोजन, पानी या अन्य आवश्यक चीजें नहीं हैं। ठीक इसी तरह यह भूकंप तुर्की और सीरिया में 18 मिलियन लोगों को प्रभावित कर रहा है।

-डेविड ब्यासली, डब्ल्यूएफपी चीफ

### जेल जाना तो छोटी चीज



आज फिर सीबीआई जा रहा हूं। लाखों बच्चो का प्यार व करोड़ो देशवासियो का आशीर्वाद साथ है। कुछ महीने जेल में भी रहना पड़े तो परवाह नहीं। भगत सिंह के अनुयायी हैं, देश के लिए भगत सिंह फांसी पर चढ़ गए थे, ऐसे झूठे आरोपो की वजह से जेल जाना तो छोटी सी चीज है।

-मनीष सिसौदिया, आप नेता

### अधिक जान बचाई



जैसा कि वे कहते हैं, बुरी खबर अच्छी खबर की तुलना में तेजी से फैलती है। दुनिया ने डेल्टा लहर के दौरान हमारी चुनौतियों को बढ़ाया, लेकिन रसद सफलता पर शायद ही ध्यान दिया, खो जाने की तुलना में कहीं अधिक जान बचाई। यह एक केस स्टडी है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

।। संवाददाताओं की आवश्यकता।।

आपके पसंदीदा मीडिया समूह "गरीबों का सितारा" को राजस्थान के समस्त विधानसभा क्षेत्र, तहसील क्षेत्र एवं पुलिस थाना स्तर पर कुशल एवं अनुभवी पत्रकारों की आवश्यकता है।

नोट: जो खबर को सही रूप में लिखना एवं बोलना जानते हो वही व्यक्ति सम्पर्क करें।

सितारा
रवि कुमार वैरवा
कार्यकारी सम्पादक
Mob. 9782527840

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## गोपीनाथ टोली ने बाबा श्याम के चरणों में निशान किये अर्पित



गरीबों का सितारा

**साधना सेठी/सीकर।** गोपीनाथ टोली की भव्य निशान यात्रा गोपीनाथ मन्दिर से सुबह बस द्वारा रींगस पहुँची निशान भवन में निशानो की पूजा करके खाटू धाम के लिए रवाना हुए गोपीनाथ टोली के सदस्य रागव सोमानी ने पूरी व्यवस्था की देख रेख की खाटू मन्दिर पहुचकर सभी ने बाबा को निशान अर्पित कर भक्तों के लिए खुशहाली की कामना की गोपीनाथ टोली के सदस्य कैलाश श्रवण शर्मा,दलीप ,सलेश जैन ,दिनेस शर्मा परदीप शर्मा ,राजेश मगनानी ,कमल थवानी, विनीत ,नरेश ,किशन, ज्योति तनवानी ,नेहा ,निकिता बालानी, सरिता ,देवकी दीपा ,प्रीति ,ममता कीर्ति सोनिया ,हेमा,मधु , प्रियंका,एवम ,गोपीनाथ टोली के सभी सदस्य सहित भजन गायक श्याम भक्त राम गोपाल गोपी भी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मोदीजी मन की बात भाजपा जोन द्वारा सुनी



गरीबों का सितारा

**सीकर।** भाजपा जोन की कविता चौधरी द्वारा आज घर पर ही महिलाओ और बच्चो के साथ प्रधानमंत्री मोदीजी मन की बात सुनी गई । पानियर सेवा संस्थान की कविता चौधरी ने कहा की आज ये 98 वाँ एपिसोड है जिस में प्रधानमंत्री ने मन की बात सुनी। इस कार्यक्रम द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस तरह से जनता की बाते सुन रहे है और उनकी समस्या का समाधान कर रहे है वो सराहनीय है।

## STSE 2022 के टॉप 20 में 3 CLCians ने मारी बाजी





गरीबों का सितारा

सीकर रविवार शाम को घोषित STSE 2022 के परिणामों में सीएलसी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी अपने उत्कृष्ट परिणामों की श्रंख्ला को बरकार रखते हुए टॉप 20 विद्यार्थियों में 3 स्थानों पर अपने कितीर्मानों की पताका लहराई संस्था निदेशक इंजी. श्रवण चौधरी ने बताया कि सीएलसी के प्री-फांउडेशन कक्षा 10वीं के विद्यार्थी हर्ष यादव ने 178 अंक (180 में से ) प्राप्त करते हुए सम्पूर्ण राजस्थान के टॉप 20 में तीसरा स्थान प्राप्त किया, कक्षा 12वीं के विद्यार्थी देवराज यादव ने तीसरा स्थान एवं इसी कक्षा वर्ग में लोकेश ने ग्याहरवा स्थान प्राप्त किया।

सीएलसी सीओओ इंजी. समर चौधरी ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामना एंव अभिभावकों तथा शिक्षकों को बधाई देते हुए सबकी मेहनत को प्रोत्साहित कर सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

उत्कृष्ट परिणाम के अवसर पर संस्था में हर्षोउल्लास का माहोल रहा सभी ने एक दूसर को मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी कर के अपनी खुशी का इजहार किया।

## एमजीएसयू का सप्तम दीक्षांत समारोह अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऑडिटोरियम में भव्यता पूर्वक संपन्न




**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर का सप्तम दीक्षान्त समारोह दिनांक 26 फरवरी, 2023 को माननीय राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

मीडिया प्रभारी डॉ. मेघना शर्मा ने बताया कि दीक्षान्त समारोह अध्यक्षीय उद्बोधन में माननीय राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि जिनके नाम से यह विष्वविद्यालय स्थापित है वह महाराजा गंगा सिंह जी बीकानेर राज्य के भूतपूर्व ऐसे नरेष थे जिन्हें आधुनिक सुधारवादी भविष्य द्दष्टा शासक के रूप में आज भी याद किया जाता है। प्रशासनिक सुधारों और विकास की गंगा बहाने वाले लोकप्रिय राजा के रूप में उन्होंने अपनी पहचान बनाई। मैंने उनके बारे में पढ़ा है और यह पढ़कर तो और भी अच्छा लगा कि महाराजा गंगासिंह जी ने प्रजाप्रतिनिधि सभा का गठन अपने शासनकाल में कर उसे व्यवस्थापक सभा करते हुए इसके जरिए प्रजा के अधिकार बढ़ाए थे।

राज्यपाल और कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने कहा कि शिक्षा ही उन्नति का प्रथम सोपान है। शिक्षा का मूल कार्य स्वयं की पहचान करना है।

खाटू मेले का पांचवा दिन: खाटू नगरी में आज लाखों भक्त पहुचे

# खाटू मेले के सफल आयोजन को लेकर जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने रींगस से खाटूश्यामजी तक की पदयात्रा

## श्याम मंदिर कमेटी द्वारा गोल्फ कार की व्यवस्था






गरीबों का सितारा

**साधना सेठी/नरेश कुमावत।** खाटूश्यामजी मेले के पांचवें दिन श्याम भक्त बाबा के दरबार में पहुंच रहे हैं. केसरिया ध्वज से खाटू नगरी अटी. रोजाना 1000 किलो फूलों से बाबा लख दातार का दरबार सज रहा है. फूल कोलकाता, बेंगलुरु, दिल्ली आदि जगह से फ्लाइट से जयपुर आ रहे हैं. 5 लाख भक्तों ने कल बाबा के हाजिरी लगाई लगातार श्याम भक्तों का रेला बढ़ता जा रहा है. उड़ती गुलाल नाचते गाते भक्त बाबा के दरबार में पहुंच रहे हैं. रींगस से खाटू श्याम जी तक भक्तों का जनसैलाब उमडा. देश में ही नहीं विदेश से भी श्याम भक्त आने लगे है. कलयुग में घर-घर पूजे जाने का श्री कृष्ण भगवान ने बाबा श्याम को वरदान दिया था. लाखों भक्त बाबा के दरबार में पहुंच रहे हैं. शीश के दानी, हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के नारों से खाटू नगरी गूंजी. वार्षिक मेले में भक्तों का पहुंचना शुरू हुआ. एकादशी को बाबा श्याम का मुख्य मेला होगा. आज रविवार को भक्तों का जनसैलाब उमड़ा।बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी मेले के सफल आयोजन को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव, पुलिस अधीक्षक करण शर्मा की मय टीम ने रींगस से पदयात्रा



खाटूश्यामजी तक पदयात्रा मन्नत का निशान लेकर श्याम श्रद्धालुओं

के साथ खाटूश्यामजी पहुंचे। जहाँ बाबा श्याम के दरबार में निशान अर्पित किया। इस दौरान पदयात्रा का खाटूश्यामजी के तोरण द्वार पर पहुंचने पर सहायक मेला मजिस्ट्रेट विपुल चौधरी ने जोरदार स्वागत किया। पदयात्रा के दौरान मेला मजिस्ट्रेट प्रतिभा वर्मा, श्रीमाधोपुर उपखण्ड अधिकारी दिलीप सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी, कार्मिक साथ रहे।जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने कहा है कि रींगस से खाटू पैदल जाने वाले पदयात्री अपने जूते-चप्पल रींगस फ्लाईओवर के पास किसी डोरी या रस्सी से बांधकर जाएं ताकी भक्तों को वो वापस वहीं मिल सके और इधर-उधर नहीं हों। उन्होंने कहा कि निशान लिए श्याम भक्त रींगस से खाटू पैदल पथ के अलावा दूसरे रास्ते से रात के समय पैदल यात्रा ना करें ताकी किसी भी तरह की कोई अनावश्यक दुर्घटना नहीं हो। उन्होंने वाहन चालकों से कहा है कि वें सभी अपने वाहनों को धीरे चलाए ताकी पैदल भक्तों को किसी तरह की कोई परेशानी या दुर्घटना नहीं हों।जिला कलेक्टर डॉ. यादव ने कहा है कि सभी श्याम भक्त खुले में कचरा नहीं डालकर डस्टबिन में ही कचरा डाले तथा खाटूश्यामजी मंदिर परिसर में साफ-सफाई बनाये रखने में मंदिर कमेटी व स्थानीय प्रशासन का अपेक्षित सहयोग करें।जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने खाटूश्यामजी मेले में नियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रींगस फ्लाईओवर सहित खाटूश्यामजी में जगह-जगह ऐसे पॉइंट्स बनाए जाए जहां पैदल आने वाले श्याम भक्त अपने जूते-चप्पल किसी डोरी की सहायता से बांधकर एक जगह रख सके।

## श्री माधवदासजी महाराज की दशम पुण्य तिथि का हुआ आयोजन



गरीबों का सितारा

**बैंगलोर/गौतम कुमार शर्मा।** माधव सेवा समिति (बैंगलोर) द्वारा जांगीड़ भवन, बिन्नी मिल रोड पे, किया गया,जोधपुर से श्री वीरमनाथ जी महाराज और साध्वी प्रेम बाईसा के पवन सानिध्य में कार्यक्रम का योजना हुआ, बेंगलुरु सेन्ट्रल से सांसद *श्रीमान ढ.उ.मोहन* ने कार्यक्रम में भाग लिया। गायिका श्रीमती माधुरी शर्मा ने अपनी मधुर सुरीली आवाज में गुरु भक्ति से शमा बांधा। कार्यक्रम में समाज के सम्माननीय सदस्यगण, भवरलाल शर्मा, पुखराज शर्मा, जय भोजक, जयंतीलाल शर्मा, केदारचंद शर्मा, चंपा लाल, अरुण अभिषेक शर्मा, गोविंद शर्मा, बाबूलाल शर्मा, अशोक शर्मा, नरपत शर्मा, देविचंद शर्मा, ललित कुमार, चेतन शर्मा, भरत शर्मा, भूपेश कश्यप, विकास भोजक, उमेश शर्मा, शैलेश शर्मा, बसंत शर्मा, प्रवीण शर्मा, त्रिभुवन शर्मा, मुरली शर्मा, जेठमल शर्मा, तरुण अभिमन्यु शर्मा, पुष्पक शर्मा, कमलेश शर्मा, दिनेश बी शर्मा , प्रमोद शर्मा, देवांग शर्मा और महीला मंडल से, चंद्र देवी शर्मा, भवानी (भूरी जीजी), मधु शर्मा, सरस्वती, पवनी बाई, मंजू शर्मा, पिंकी शांडिल्य, शीतल शांडिल्य, नीलम शर्मा, रचना शर्मा, पिंकी देवरा, चंद्रा देवेरा, सभी ने कार्यक्रम में भाग लिया, और कार्यक्रम और भक्ति का आनंद लिया।

## बानसूर बीसीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा

**बानसूर।** स्थानीय बीसीएमएचओ को बानसूर ब्लॉक के देवनारायण योजना में काम करने वाले कर्मचारियों की तनख्वाह पिछले 5 माह से नहीं मिल रही है, जिससे परेशान होकर शुक्रवार को एएनएम संघ राजस्थान के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने बीसीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा। बीसीएमएचओ ने जल्दी से समस्याओं का निपटारा करवाके तनख्वाह दिलवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बीसीएमएचओ मनोज यादव, राजेश यादव अध्यक्ष एएनएम संघ राजस्थान, संतोष देवी, पुष्पा यादव, प्रताप देवी, प्रीति शर्मा, मुन्नीदेवी, कविता वर्मा, पुनम कुमारी, शीला, सुनीता वर्मा, मंजू कुमारी, कृष्णा कुमारी, रेखा सूठवाल, विमला रानी, सुनीता यादव, कविता यादव आदि एएनएम मौजूद रही ।

## मीडिया त्रैमासिक कम्युनिकेशन टुडे टीम का वेबीनार आयोजित




गरीबों का सितारा

**साधना सेठी।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के संदर्भ में जयपुर से प्रकाशित मीडिया त्रैमासिक कम्युनिकेशन टुडे की ओर से रविवार 26 फरवरी, 2023 को 73वां वेबीनार 'वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान' विषय पर आयोजित किया गया। वेबिनार को संबोधित करते हुए 'साइंसटून' विधा के प्रवर्तक लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रदीप श्रीवास्तव ने कार्टून्स के माध्यम से विज्ञान से जुड़े मुद्दों पर जन जागरूकता के विभिन्न संदर्भों को बहुत ही रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया।उन्होंने दुनिया में समाप्त हो रहे जंगलों पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि इससे न सिर्फ पक्षियों के घर बर्बाद हो रहे हैं वरन ग्लोबल वार्मिंग की समस्या भी बढ़ती जा रही है। उनका मानना था पर्यावरण के बारे में हमारा ज्ञान बहुत ही अल्प है जबकि आदिवासी समाज अपने पर्यावरण को गहराई से समझने की क्षमता रखता है प्लाज्मा विज्ञान के विशेषज्ञ आईआईटी जोधपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रामप्रकाश ने आने वाले 2 दशकों में स्वास्थ्य ,भोजन, ऊर्जा व कृषि के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों में प्लाज्मा विज्ञान की भूमिका को विस्तार से स्पष्ट किया । प्लाज्मा के क्षेत्र में दुनियाभर में हो रही शोध किस तरह मानव कल्याण के लिए उपयोगी होगी उसकी बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी उन्होंने देते हुए बताया कि हम पृथ्वी पर ही अब एक सूर्य को निर्मित करने की कल्पना कर रहे हैं ।उनका मानना था कि 2050 तक दुनिया की जनसंख्या 9.6 मिलीयन हो जाएगी। इस विशाल जनसंख्या की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए प्लाज्मा थेरेपी अत्यंत उपयोगी होगी। विज्ञान जैसे जटिल विषय को बहुत ही सरल व सहज ढंग से उन्होंने प्रस्तुत किया।

पाक्षिक 'वैज्ञानिक द्दष्टिकोण' के संपादक एवं प्रमुख विज्ञान संचारक तरुण कुमार जैन ने वैज्ञानिक द्दष्टिकोण के माध्यम से वैज्ञानिक चेतना के विकास में दिए गए योगदान की विस्तार से चर्चा की ।उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक द्दष्टिकोण ने विज्ञान से जुड़े समाचारों को सरल सुबोध ढंग से प्रस्तुत करते हुए आम जनमानस में विज्ञान की खबरों के प्रति रुचि विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने जानकारी दी 1 वर्ष तक डीएसटी के एक प्रोजेक्ट के तहत पाक्षिक वैज्ञानिक द्दष्टिकोण को 1 वर्ष तक दैनिक रूप से भी प्रकाशित किया गया ।राजस्थान के स्कूलों में शुरू किए गए विज्ञान क्लबों तथा युवा वैज्ञानिकों को तैयार करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को भी उन्होंने रेखांकित किया।

## जनसुनवाई में ग्रामीणों ने की चिकित्सा मंत्री से खेल मैदान के विकास की मांग

*राहुवास ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सड़क, खेल मैदान विद्यालय कक्षा कक्षों की चिकित्सा मंत्री से की मांग*



गरीबों का सितारा

**रामगढ़ पचवारा(वरुण कामदार)** उपखंड मुख्यालय के तहसील राहुवास में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने शनिवार को जनसुनवाई व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। जिसमें राहुवास ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा से मांग की है कि एनएच 48 से कुचल वास से होते हुए राहुवास मुख्य बाजार तक सड़क बनाने की मांग की। और विद्यालय के लिए दो कक्षा कक्षों की और खेल मैदान के विकास की मांग की।इस दौरान पीसीसी सदस्य कमल मीणा ,जगदीश राडा, दिनेश मिश्रा, प्रधान प्रतिनिधि मोहन लाल मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, भगवान सहाय मीणा, मीठा लाल मीणा, लालावास सरपंच प्रतिनिधि बद्री लाल मीणा, रामनिवास मीणा ढोलावास सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल मीणा, सहित सभी विभागों के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## कलयुग में मुक्ति का सबसे उत्तम साधन भागवत कथा का श्रवण

गरीबों का सितारा

**डीग।** श्री मद्भागवत वेदरूपी वृक्ष का पका हुआ फल है। इस रस का पान पिपासु बनकर ग्रहण करना चाहिए। जब-जब अवसर मिले भागवत ग्रहण करने में पीछे नहीं हटना चाहिए। जब मन अशुद्ध होता है तो संसार में लगता है और जब मन शुद्ध होता है तो सिर्फ मन भगवान की कथा में लगता है यह वाक्य कस्बे के ऐतिहासिक लक्ष्मण मंदिर पर आयोजित हो रही श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितिय दिवस व्यास पीठ पर विराजमान पूज्य पंडित मुरारी लाल पाराशर ने कहे। उन्होने कहा कि जिसमें मानवता नहीं है वो मानव नहीं है।

मानव वो है जो किसी के काम आ जाए। ईश्वर का भजन करें। किसी को तकलीफ न दें और बड़ों को सम्मान दे यही मानवता है। व्यक्ति संसार में केवल कर्म लेकर आता है। इसलिए अच्छे कर्म करों। भाग्य, भक्ति, वैराग्य और मुक्ति पाने के लिए भगवत की कथा सुनो। केवल सुनो ही नहीं भागवत की मानो भी। पाराशर ने कहा कि श्रीमद् के पीछे एक बड़ा मर्म छुपा हुआ है। श्री यानी जब धन का अंहकार हो जाए तो श्री मद्भागवत सुन लो अंहकार दूर हो जाएगा। कलयुग में मुक्ति का सबसे उत्तम साधन भागवत कथा का श्रवण व भगवान नाम का सुमिरन करना है। भागवत का अर्थ ज्ञान भक्ति और वैराग्य है। इन तीनों में से किसी एक की कमी होने पर ईश्वर की भक्ति प्राप्त नहीं होती, इसलिए हमें श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। प्रभु अपने भीतर है उसे अपने भीतर तलाश करो। राम का नाम अमृत समान है, जिससे उसका पान किया है। या उसका स्वाद चखा है वही राम नाम की महत्व को जान सकता है। इस अवसर पर वैध नंदकिशोर गंधी, सुन्दर सरपंच, मुकुट नसवारिया, छीतरमल सेठ, सुगड़ गोयल, हरेश बंसल, रमेश अरोड़ा, मान सिंह मास्टर आदि उपस्थित थे।

## रोडवेज बस ने बाइक को कुचला, युवक मौत

**सीकरी।** कस्बे में गोविन्दगढ़ रोड पर एक रोडवेज बस ने बाइक को टक्ककर मार दी, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और एक युवक घायल हो गया। थानाधिकारी नरेशचंद शर्मा ने बताया कि सूचना मिली कि गोविन्दगढ़ रोड पर बाइक एजेंसी के पास अलवर से कामां जा रही रोडवेज बस ने सीकरी के तरफ से जा रही बुलेट बाइक को टककर मार दी, जिससे मौके पर एक युवक की मौत हो गई तथा एक युवक घायल हो गया।मौके पर जाप्ता भेजा तो मौके पर से मृतक न्याना निवासी अजय सिंह उर्फ गौरव पुत्र केदार सिंह के शव को कब्जे में लिया तथा सीकरी अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया और घायल गुरुमीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी न्याना को परिजन इलाज को ले गए थे।

# राष्ट्रीयता व राष्ट्रवाद के साथ मानवता का भाव पनपे: रोलसाहबसर




गरीबों का सितारा

**साधना सेठी/सीकर।** हम सब ईश्वर की संतान है आज के वातावरण में राक्षसी शक्तियों का बोलबाला होने के कारण समाज में वैमनस्यता का वातावरण पनप रहा है। हमारा उद्देश्य मानवमात्र में अपनत्व और भाईचारे के भाव का बीज अंकुरित हो। यह उद्गार स्थानीय राम लीला मैदान में श्री प्रताप फाउंडेशन द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन में श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर ने प्रकट किए।

इस अवसर पर श्री रोलसाहबसर ने कहा कि राष्ट्रीयता व राष्ट्रवाद के साथ मानवता का भाव जागृत होना आवश्यक है, जिससे समाज में अपनत्व और प्रेम का वातावरण बने। श्री प्रताप फाउंडेशन के संयोजक महावीर सिंह सरवड़ी ने कहा कि आज भाई भाई से लड़ रहे हैं, हमारी संस्कृति वासुदेव कुटुंबकम की रही है। हर गांव और ढाणी के लोग साथ बैठते और एक दूसरे के सहयोगी रहते थे। इसीलिए भाईचारा रहता था। कृषि ऐसा कार्य है कि सब मिलजुल कर कार्य करते थे। सभी किसान आपसी व्यवहार के कारण खाद, बीज, फसल बुवाई और फसल कटाई का कार्य मिलजुलकर करते थे।

इस सम्मेलन के प्रारंभ में श्री क्षत्रिय युवक संघ के केंद्रीय कार्यकारी रेवत सिंह पाटोदा ने कार्यक्रम की भूमिका बताते हुए कहा कि कृषि और कृषक वह शब्द जिससे पूरे समाज का तालुकात है और यह आपसी भाईचारा कायम करने का माध्यम है। इसीलिए श्री प्रताप फाउंडेशन ने इस क्षेत्र में कार्य करना प्रारंभ किया।

जिसके माध्यम से न केवल भाईचारे का वातावरण बनेगा बल्कि किसानों की समस्याओं की आवाज केंद्र और राज्य सरकार तक पहुंचाने और इसका निराकरण का प्रयास करना है।

सम्मेलन में 14 सूत्री मांग पत्र का शेर सिंह खोरी ने वाचन किया, जो जिला कलेक्टर के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार तक पहुंचाया जाएगा। किसान सम्मेलन में डॉक्टर खेताराम कुमावत ने कहा कि हमें जल की एक-एक बूंद संचित कर, वर्षा जल संग्रह कर कृषि कार्य में उपयोग में लेना चाहिए और गिरते भूजल स्तर को ऊपर लाने का प्रयास करना चाहिए। किसान हनुमान पारसवाल ने कहा कि सीकर को यमुना का जल कृषि कार्य के लिए मिलना चाहिए और नदियों को जोड़ने का कार्य करना चाहिए जिससे पानी के कारण बंजर होती भूमि में फसल उगाई जा सके। इस अवसर पर पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, रामेश्वर रणवा, पूर्व जिला प्रमुख रीटा सिंह, पूर्व विधायक गोरधन वर्मा, कांता प्रसाद मोर, मदन सिंह गोगावास, प्रधान दांता गेंद कंवर, पूर्व विधायक के डी बाबर, पिपराली प्रधान मनभरी देवी, दिनेश जोशी, उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल, भंवरलाल जांगिड़, ईश्वर सिंह राठौड़, चारण सभा के अध्यक्ष माधव सिंह खिड़िया, महावीर पुरोहित, महेश शर्मा, गाड़ोदा पीठाधीश्वर महावीर जति जी, गजानन जी कुमावत मंचासिन रहे। किसान सम्मेलन में भागीरथ मल सबल, ओमप्रकाश शर्मा, अब्बास खान किरडोली, भंवरलाल जांगिड़, शंकर लाल सैनी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश वंदना के साथ में व कार्यक्रम का समापन मंत्रोच्चारण के साथ हुआ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### महेश कोलोनी सामुदायिक भवन में महिला मंडल द्वारा फागोत्सव मनाया



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/** रामकिशन वैष्णव स्थानीय नगर पालिका के वार्ड संख्या 4 के सामुदायिक भवन में महिला मंडल द्वारा फागोत्सव मनाया गया, चेयरमैन सुमित काल्या ने की शिरकत, कॉलोनी वासियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया ! वार्ड चार महेश कॉलोनी के सामुदायिक भवन में महिला मंडल के बैनर तले फाग महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। फागोत्सव का नगर पालिका अध्यक्ष सुमित काल्या सहित वार्ड पार्षद इत्यादि ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया, कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं ने भगवान के साथ विभिन्न भजनों पर थिरकते हुए होली खेली।इस दौरान विनोद त्रिपाठी, भरत व्यास, कृष्ण गोपाल शर्मा, राजमल शर्मा, भवर लाल वैष्णव, मुकेश मेवाड़ा, मनोज आसोपा, पारस मल, कृष्ण गोपाल ब्यास, भरत व्यास, राजेंद्र शर्मा, पार्षद प्रियंका शर्मा सहित जनप्रतिनिधि व वार्ड वासी मौजूद रहे।

### आमेर पुलिस की कार्यवाही अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा में एक फजी,एक मूल अभ्यर्थी गिरफ्तार

गरीबों का सितारा



**रोहन शर्मा आमेर।** राजधानी जयपुर के आमेर थाना पुलिस ने अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा में एक फर्जी अभ्यर्थी महेंद्र कुमार जाट और मूल अभ्यर्थी राजूराम विश्नोई को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड और प्रवेश पत्र बरामद किया गया है. पुलिस के द्वारा मिली जानकारी में बताया गया है कि आमेर में मेहंदी का बास स्थित राजकीय बालिका विद्यालय में अभ्यर्थी राजूराम बिश्नोई के स्थान पर फर्जी अभ्यर्थी महेंद्र कुमार जाट परीक्षा दे रहा था. राजूराम बिश्नोई जालौर निवासी है और राजूराम के स्थान पर परीक्षा दे रहा था. फर्जी अभ्यर्थी महेंद्र कुमार जाट बाड़मेर निवासी है. परीक्षाओं की तैयारी के दौरान आपस में मुलाकात के बाद 3 लाख रुपये के बदले मूल अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देना तय किया गया था।

### अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री का भीलवाड़ा आगमन




गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा/ फरवरी ।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष एन.के.गुप्ता एवं महामंत्री गोपाल गुप्ता का अल्प प्रवास पर भीलवाड़ा आगमन हुआ ।इस अवसर पर पुर रोड स्थित एक रिसॉर्ट में जिला वैश्य फेडरेशन द्वारा संभागीय अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम एवं बैठक का आयोजन किया गया प्रचार प्रसार प्रभारी अंकुर बोरदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एन.के.गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज से जुड़े वर्ग समाज और व्यापार के क्षेत्र में तो प्रगति कर ही रहे है किंतु अब यह समाज वैश्य फेडरेशन के माध्यम से राजनीति में भी अपनी आवाज बुलंद करेगा। प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि भीलवाड़ा जिले की टीम सशक्त है और 32 जिला शाखाओं में सबसे अग्रणी है । भीलवाड़ा शाखा अपनी गतिविधियों से देश भर में एक विशिष्ट पहचान स्थापित करने की ओर अग्रसर है । संभागीय अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल ने प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बताया कि आगामी 12 मार्च को अजमेर संभाग के चारों जिलों अजमेर,भीलवाड़ा, चित्तौड़ व राजसमंद की संभागीय कार्यसमिति भीलवाड़ा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है ।कार्यसमिति में प्रदेश नेतृत्व का सानिध्य भी प्राप्त होगा साथ ही चारों जिलों के जिला पदाधिकारी, महिला व युवा शाखा के पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य भाग लेंगे । उन्होंने बताया कि भीलवाड़ा में संगठन का सदस्यता अभियान गति पकड़ रहा है और अभी तक 350 से ज्यादा आजीवन सदस्य बनाए जा चुके हैं । फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश कोठारी व महिला शाखा संभागीय अध्यक्ष मधु जाजू ने भी अपने विचार व्यक्त किए । इससे पूर्व प्रारंभ में जिला वैश्य फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रामेश्वर काबरा के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर व दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर वैश्य फेडरेशन के प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष ओ पी हिंगड़, संरक्षक प्रेम स्वरूप गर्ग, महामंत्री ललित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मूंदड़ा, संगठन मंत्री अमित नागोरी, वरिष्ठ सदस्य पारसमल बोहरा, युवा संभागीय अध्यक्ष देवेंद्र दाणी, महिला शाखा प्रदेश मंत्री कुसुम पोखरना, जिलाध्यक्ष लीला राठी, महामंत्री सुमन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुलोचना गर्ग, युवा शाखा प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण सोमानी, प्रदेश मंत्री, पंकज लोहिया, जिलाध्यक्ष राघव कोठारी, महामंत्री आशीष अग्रवाल, रौनक हिंगड़, कैलाश सोनी, चेतन अग्रवाल, वैभव बिंदल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मकानों के ताले तोड़कर नकदी और जेवर चोरी

**जयपुर।** शहर में चोरों ने करधनी, जयसिंहपुरा खोर और चित्रकूट थाना इलाके में मकानों के ताले तोड़कर नकदी और जेवर चोरी कर लिए। करधनी थाने में सालासर वाटिका निवासी सरोज जैन ने रिपोर्ट दी है कि चोरों ने उनके घर से नकदी-जेवर चुरा लिए। कृष्णा विहार निवासी निशा शेखावत ने भी करधनी थाने में रिपोर्ट दी है कि चोरों ने उनके घर के ताले तोड़े और नकदी-ज्वैलरी चुरा कर फरार हो गए। दादी का फाटक निर्मल विहार निवासी अमित कुमार ने भी करधनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चोरों ने उनके भी मकान के ताले तोड़कर नकदी व जेवर चोरी कर लिए।

# रैणी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर बिन डाक्टर्स आमजन परेशान

## आखिरकार, कब ध्यान दिया जायेगा रैणी के सरकारी अस्पताल पर स्थानीय विधायक द्वारा और राजस्थान सरकार द्वारा ?

गरीबों का सितारा

**07 पद स्वीकृत लेकिन दो ही डाक्टर्स मौजूद रैणी सीएससी पर**






**रैणी (अलवर)/महेश चन्द मीना।** अलवर जिले के रैणी उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सिर्फ और सिर्फ दो ही डाक्टर्स मौजूद है उनमे भी एक डाक्टर तो डेन्टल वाला है तथा दूसरा सीएचसी प्रभारी के रूप मे है जिससे आमजन को बहुत भारी परेशानी उठानी पड रही है रैणी सीएचसी पर क्योंकि इन दिनो मौसमी बिमारियो से ओपीडी प्रतिदिन 400--500 रहती है ऐसे मे अकेला डाक्टर कैसे देख पाता है इतने सारे मरीजो को । एक डाक्टर और 400--500 मरीज देखने को तो साफ तौर पर जाहिर है कि आमजन को इलाज भी सही नही मिल पा रहा है रैणी सीएचसी पर लेकिन स्थानीय विधायक तो इसे गम्भीरतापूर्वक ले ही नही रहे है और विधायक द्वारा तथा राजस्थान सरकार द्वारा अभी तक भी कोई व्यवस्था नही की जा रही रैणी सरकारी अस्पताल मे। इस रैणी अस्पताल मे महिला डाक्टर और महिलाओ के लिए महिला कम्पाउण्डर तक नही है अभी तक भी फिर जेएसवाई भी निरर्थक सी ही साबित हो रही है रैणी अस्पताल मे।रैणी बीसीएमओ दिनेश कुमार मीना को भी मजबूरी मे बैठना पडता है कभी कभी ओपीडी मे लेकिन बीसीएमओ मीना को फील्ड मे भी जाना पड़ता है इसलिए पूरा समय ओपीडी मे भी नही दे सकता है इसी तरह से सीएचसी प्रभारी को भी अनेक प्रकार के ऑफिशियल काम भी पडते रहते है लेकिन फिर भी अपनी सभी जिम्मेदारी को निभाते हुए मरीजो को भी सतत रूप से देखते रहते है दोनो ही डाक्टर्स और बीसीएमओ भी। दैनिक ओपीडी बहुत ज्यादा होने के कारण डाक्टर्स को लगातार पूरे समय भीडभाड भरे माहौल मे सारी टाइम तक लगातार मरीजो को देखना पड़ता है । यह हालात है अलवर के रैणी उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के जहा पर 7 पद स्वीकृत तो है लेकिन दो ही डाक्टर्स मौजूद है जिनमे कोई भी डाक्टर्स महिला चिकित्सक नही है और ना ही कोई भी शिशु रोग विशेषज्ञ है जबकि यह सीएचसी कम से कम 80--90 गांवो के टच मे पडता है लेकिन फिर भी यहा पर सारी सुविधाऐ नाम मात्र की सी ही है।आमजन ने स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना से भी अनेको बार इस सम्बन्ध मे खूब निवेदन कर लिया है लेकिन अब तक भी कोई भी व्यवस्था नही हो सकी है इस अस्पताल के लिए। यह खबर आमजन के हित मे है इस खबर मे किसी का भी निजी स्वार्थ नही इसलिए गरीबो का सितारा न्युज इस खबर को प्रमुखता से ले रहा है।आमजन की मिडिया के माध्यम से अपील है स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना से और राजस्थान सरकार से कि जल्द से जल्द रैणी सीएचसी पर महिलाओ के लिए डाक्टर और महिला कम्पाउण्डर लगवाने की व्यवस्था करे।

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं छप्पन भोग का आयोजन





गरीबों का सितारा

**गुरला।** बद्री लाल माली नेशनल हाईवे 758 स्थित गुरला सुंदरकांड मंडल कारोई द्वारा रामचरितमानस सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया। शनिवार को माली मोहल्ला स्थित सगसबावजी के स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में मंडली के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए संगीतमय पाठ के बाद आरती व महाप्रसाद के वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया जाता हैं मौके पर गायक केलाश कुमावत ने बताया कि कलियुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकता है।उन्होंने कहा कि प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड बजरंगबली की अराधना है। इसके पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। मंडली के सदस्य कैलाश चंद्र कुमावत , महेश सेन, नाथू लाल मालीवाल, कैलाश चंद्र कुमावत अंकित बहेडीया, जगदीश भट्ट, व सोनू कुमावत ऑपरेटर श्री राम भक्त साउंड सिस्टम के द्वारा अति सुंदर प्रस्तुति दी गई देवीलाल माली शिव लाल पारीक मुकेश दिनेश लेहरू लाल इंद्रमल मोती राम माली जगदीश सिंह मिथुन रधु शर्मा आदि।

### बहरोड पुलिस थाने का एसपी अनिल बेनीवाल ने किया निरीक्षण

## राजनीतिक दबाव में काम नहीं करेगी पुलिस : एसपी बेनीवाल

गरीबों का सितारा





**वी.पी.मीणा बहरोड़।** भिवाडी एसपी अनिल बेनीवाल ने पद ग्रहण करने के बाद पहली बार बहरोड़ पुलिस थाने का निरीक्षण किया गया। इससे पहले शनिवार को शाहजहांपुर व नीमराणा पुलिस थाने का निरीक्षण किया गया था। बहरोड़ पुलिस थाना प्रांगण में सिपाहियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके बाद एसपी ने एसएचओ वीरेंद्र पाल व एडिशनल एसपी जगराम मीणा के साथ थाना परिसर में माल खाना, हवालात, स्वागत कक्ष, टेलीफोन कक्ष, डीईओ कक्ष व अन्य सभी स्थानों का बारीकी से निरीक्षण किया।साथ ही पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि बहरोड़ भिवाड़ी का सबसे बड़ा पुलिस थाना है यहां मैंने व्यवस्था को जाना है पुलिस स्टाफ की कमी है जो जल्द हम पूर्ति करेंगे। जरूरत पड़ी तो नए थाने का प्रपोजल भी भेजेंगे। क्राइम को लेकर बताया कि किसी प्रकार की राजनीतिक दबाव में पुलिस काम नहीं करती अपराधियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने पहले से ही अपराधियों को चिन्हित कर रखा है किसी प्रकार की गैंगवार नहीं होने दी जाएगी। साथ ही बढ़ती मोटरसाइकिल चोरियों को लेकर एसपी ने कहा इस पर जल्द कड़ा मजबूत एक्शन लिया जाएगा। वही पुलिस मित्र के बारे में बताया कि पुलिस मित्र पुलिस का अच्छा सहयोग करते हैं। तिजारा में पुलिस मित्र पुलिस का काफी अच्छा सहयोग करते हैं जो राजस्थान पुलिस के द्वारा दो बार सम्मानित भी हो चुके है। ऐसे ही सभी पुलिस थानों में पुलिस मित्रों का सहयोग लिया जाएगा।साथ ही बताया कि मैंने अलवर एडिशनल एसपी के रूप में कार्य किया है मेरी कार्यकारिणी से आप सब लोग परिचित हैं हम जनता के साथ जनता के लिए जनता के सहयोग से अच्छा करने का प्रयास करेंगे।

### गुलाबपुरा निवासी सीए अजमेरा बने आईसीएआई के सबसे बडे. रीजन Wirc के सेक्रेटरी!



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/** रामकिशन वैष्णव गुलाबपुरा के निवासी सी.ए. सौरभ अजमेरा बने आई सी ए आई के सबसे बड़े रीजन ह्र१ू के सेक्रेटरी ! द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की वेस्टर्न रीजन काउंसिल के वर्ष 2023-24 की कार्यकारणी के चुनाव शनिवार को मुंबई स्थित इङउ में हुवे, जिसमे गुलाबपुरा भीलवाड़ा के सीए सौरभ अजमेरा को सेकेट्री चुना गया । उक्त चयन वर्ष 2023-24 के लिए हुवा । अजमेरा अभी तक के काउंसिल के इतिहास के सबसे यंग सेकेट्री में से एक है ।सौरभ भीलवाड़ा के गुलाबपुरा निवासी व भोजरास के पूर्व सरपंच स्वर्गीय महावीर अजमेरा के पुत्र है व वर्तमान में मुंबई में निवासरत है एवं वहाँ पिछले 9 वर्षों से प्रैक्टिस कर रहे है ।वेस्टर्न काउंसिल में लगभग 148000 सीए है एवं इसमें गुजरात, महाराष्ट्र एवं गोवा राज्य आते है !

## सोशल मीडिया से बेसहारा परिवार को जुटाया 185000 रु. आर्थिक सहयोग

गरीबों का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ,** अलवर के राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के कलेशान गांव में छुट्टनलाल मीना की लंबी बिमारी के कारण मौत हो गई। ऐसे में आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार को सर्व समाज के मानवता वादी सहयोग कताओं ने आर्थिक संबल प्रदान किया मिशन से जुड़े सक्रिय सदस्यो ने बताया की छुट्टन बहुत ही गरीब परिवार से था जो मजदूरी करके बच्चों का पालन पोषण कर रहा था, जिसकी 13 फरवरी 2023 को मृत्यु हो गई उनके मरने के बाद विधवा पत्नी प्रेमदेवी के ऊपर काफी जिम्मेदारी आ गई छुट्टन लाल के उपर उनकी बिमारी एवं बच्चों की पढ़ाई व घर परिवार के पालन-पोषण के लिए लाखों रुपए का कर्जा ले रखा था जो विधवा पत्नी प्रेमदेवी कर्जा चुकाने तो बहुत दूर की बात है वह अपने मासूम बच्चों का पालन पोषण करने में असमर्थ हो गई है इस खबर को सोशल मीडिया पर सुनकर स्थानीय ग्राम वासियों ने व सर्व समाज के सदस्यों ने एक आर्थिक सहायता के लिए एक मिशन छुट्टन लाल कलेशान चलाया जिसमें लगभग 625 सहयोग कर्ताओ के सहयोग करने के बाद 185000 रुपए की राशि एकत्रित हुई जिसको 25 फरवरी को सर्व समाज हेल्प टीम व नवयुवक मंडल टीम के सदस्यों ने व स्थानीय ग्रामीणों ने छुट्टन लाल की यादगार में एक फलदार पेड़ लगाकर व छुट्टनलाल की छायाप्रति पर पुष्प चढ़ाकर श्रृद्धांजलि अर्पित करके स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में पीड़ित परिवार को राशि सौंप दी।जिसमें 150000. ? की पीडीत परिवार के नाम एफडी कराने का निर्णय लिया व शेष बची राशि 35000 रुपए. को छुट्टनलाल की विधवा पत्नी प्रेम देवी को घर खर्च के लिए सौंप दिये। मिशन में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सहयोग कताओं को ग्रामवासियो ने आभार प्रकट करके बहुत-बहुत धन्यवाद दिया मिशन के सक्रिय सदस्यों ने कहां की ऐसी दुखद अनहोनी किसी के साथ नहीं हो और अगर फिर भी ईश्वर रूठ जाता है और ऐसे कोई गरीब परिवार के साथ घटना हो जाती है तो जरुरतमंद परिवार के लिए हम हमेशा सहयोग करने और सहयोग करवाने के लिए आगे रहेंगे और स्थानीय मौजूद सदस्यों से समाज में फैली कुरीतियों को रोकने की अपिल की जैसे नुक्ता प्रथा अनावश्यक डीजे बजाना ऐसी कुरुतिओ को बंद करने की सभी लोगों से अपील की इस मिशन समापन पर रामजिवन मीणा पूर्व सरपंच, महेंद्र मीणा आम आदमी पार्टी ,जगदीश बाबूजी कलेशान, जगदीश प्रसाद मीणा डीलर, मिठ्ठन खोडा, सुनिल भाकरी, सैतान भाखरी, गणधारी, विक्रम सैनी,उदाराम मीणा,प्रेमनारायण मंथन कैंपस रामरतन कलेशान , धर्मवीर, अनुज, आदि उपस्थित थे मिशन में सर्व समाज हेल्प टीम राजगढ़ नवयुवक मंडल हेल्प टीम बसवा के सभी सदस्यों के साथ अन्य दूसरे सभी सक्रिय सदस्यों ने सक्रिय होकर सहयोग किया और सहयोग करवाया ।मिडिया को यह सारी जानकारी प्रकाश भाबला दुब्बी के द्वारा दी गई है।

# बीजेपी होली मिलन सम्मेलन में उमड़ी हजारों की भीड़, बलवान यादव ने किया चुनाव लड़ने का ऐलान

गरीबों का सितारा





**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे के कुंड रोड पर काका मार्केट स्थित रविवार को भाजपा प्रथम जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव के नेतृत्व में होली मिलन समारोह व कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ता पदाधिकारी सहित आसपास क्षेत्र के महिला पुरुष ने हजारों की संख्या में भाग लिया। इस दौरान सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों सहित आम जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात को लाइव सुना। अपने उद्बोधन में बलवान ने बताया कि बहरोड में पूर्व विधायक रहे सुजान सिंह के बाद कोई भी स्थानीय विधायक नहीं बना है। जिससे आम जनता सीधे बात कर सके उनके निवास पर उनसे मिल सके। हमें इन बाहरी विधायकों का विरोध करके इनको भगाना है। भारतीय जनता पार्टी का इस बार बहरोड में विधायक तय है। आप सभी के सहयोग से बीजेपी पार्टी का विधायक बनना है। वर्तमान विधायक बलजीत यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि बहरोड़ की सड़कें जर्जर हालात में हैं यहां का माहौल खराब हो रहा है। प्रतिदिन चोरी डकैती लूटपाट हो रही है और विधायक बांसवाड़ा बाड़मेर भाग रहा है। विधायक द्वारा युवाओं को स्थानीय कंपनियों में रोजगार दिलाने का झूठा वादा किया था। एक भी बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं मिला। उनके द्वारा फूलों की हेलीकॉप्टर से वर्षा की गई जिससे किसान की भैंस मर गई। युवाओं को क्राइम की ओर धकेल दिया। ऐसे विधायक को इस बार हम सब को भगाना है। इस दौरान लंबा पंडाल में महिला पुरुष दो भागों में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका पार्षद मुन्ना के द्वारा दो दर्जन के लगभग टेक्ट्रों द्वारा रैली कस्बे के मुख्य मार्ग से निकालते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। इस दौरान ढोल नगाड़े के साथ होली मिलन का कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम के दौरानजिला अध्यक्ष उमेद भाया, सुनील प्रवक्ता जिला पार्षद, ओम यादव पार्षद, रोहिताश्व यादव पूर्व प्रधान, जिला मंत्री डॉ नीलम यादव, मण्डल अध्यक्ष संजय मीर, मुन्ना पार्षद, नितिन यादव छात्र संघ अध्यक्ष, जलेसिंह रावत, कँवरसिंह यादव सरपंच प्रतिनिधि, लोकेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## लक्ष्य राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता टीम ने किया महिला चिकित्सालय का निरीक्षण



गरीबों का सितारा

**राजगढ़ (अलवर)**–लक्ष्य राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता दिल्ली की दो सदस्यीय मेडिकल टीम ने राजकीय सामुदायिक महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। टीम में शामिल डिप्टी असिस्टेंट डायरेक्टर जनरल नर्सिंग डीटीइ जीएचएस जीना प्रदीप व पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट बाहरी मूल्यांकनकर्ता एनक्यूएएस एनएचएसआरसी डॉ बिंदिया जैन ने महिला चिकित्सालय का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने भर्ती प्रसूताओं से बात कर चिकित्सालय में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। टीम ने चिकित्सक कक्ष, लेबर रूम, भर्ती वार्ड, नवजात शिशु ईकाई, पीएनसी वार्ड, टीकाकरण कक्ष का निरीक्षण किया। नर्सिंग स्टाफ से लक्ष्य गाइड लाइन के अनुसार हो रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। महिला चिकित्सक व शिशु रोग विशेष भी विस्तार से बात की। असिस्टेंट डायरेक्टर जनरल नर्सिंग जीना प्रदीप ने बताया कि भारत सरकार की ओर से लक्ष्य करके कार्यक्रम है जिसके तहत लेबर रूम की क्वालिटी कैसी है। उसका निरीक्षण करने के लिए आए हैं। सीएचसी राजगढ़ के लेबर रूम का बारीकी से निरीक्षण किया। उसका रिजल्ट एनएचएसआरसी को भेजा जाएगा व गोपनीय होता है हर सरकारी अस्पताल की गुणवत्ता क्वालिटी इंप्रूव करना है।

## मूल्य निष्ठ सुखमय समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम : डॉ. अर्पिता गुप्ता

### अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की महिला कार्यकारिणी का हुआ गठन



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान प्रदेश की संगठनात्मक गतिविधियों को बढ़ाने की दृष्टि से बीकानेर महिला जिलाध्यक्ष डॉ.अर्पिता गुप्ता द्वारा महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। डॉ. अर्पिता ने बताया कि शास्त्री नगर स्थित कार्यालय में अंजलि मित्तल, ज्योत्सना रावत को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, डॉ. निधि बिन्नानी जिला महामंत्री, पूनम थिरानी को जिला उपाध्यक्ष, प्रियंका खंडेलवाल को जिला कार्यकारी अध्यक्ष, श्वेता कोठारी, डॉ पूजा अग्रवाल, मनीता जैन को जिला मंत्री पद पर मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन महनोत ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की कार्यशैली से अवगत करवाया। डॉ. अर्पिता ने बताया कि मूल्य निष्ठ सुखमय समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम होती है।

## कट्टर गौ रक्षक सैन बने कामधेनु सेना राष्ट्रीय प्रभारी



गरीबों का सितारा

नागौर।(विनोद धायल) देश के सबसे बड़े गोरक्षार्थ संगठन कामधेनु सेना के संस्थापक हिन्दू हृदय सम्राट श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी कुशालगिरी महाराज ने अपने सबसे करीबी रहने वाले श्रवण सैन को राष्ट्रीय प्रभारी की नियुक्ति व शपथ दिलाकर कार्यभार सौंपा



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अचल सिंह राजपुरोहित ने बताया कि कटर गौ रक्षक श्रवण सेन हमेशा गो हितार्थ गौ सेवार्थ कार्य करते रहते हैं और कामधेनु सेना में प्रभारी से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष का 3 साल नेतृत्व कर चुके हैं कामधेनु सेना व गोहितार्थ कार्य को बढ़ावा दिया जाएगा

सेन ने बताया कि महामंडलेश्वर ने जो दायित्व सौंपा है उस पर हमेशा उनके निदेर्शानुसार कार्य करता रहूंगा गौ हितार्थ मुझे अपने प्राणों की आहुति देनी पड़े तो पीछे नहीं हटूंगा इस मौके पर राष्ट्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल (मानद) डॉ.पार्वती जांगिड़ सुथार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ललित पालीवाल, प्रदेश प्रभारी मनोहर भडियासर, राज.प्रदेशाध्यक्ष दुगार्राम जाखड़, नागौर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह भाटी , पाली जिला अध्यक्ष रतनलाल बागड़ी सिरोही जिला अध्यक्ष तेजाराम देवासी चित्तौड़गढ़ जिला प्रभारी श्यामा देवी इत्यादि अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे सभी ने सेन को बधाइयां दी

# नन्हें-मुन्ने बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां








गरीबों का सितारा

राजगढ़ (अलवर)-कस्बे के नारायण विहार स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल में रविवार को प्रथम बाल उमंग 2023 वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन प्राचार्य राव सज्जन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसबी डेरा के सेकेंड इन कमांडेढ़ डॉ ललित देवरी ने कहा कि आप प्रत्येक प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग ले। आज की शिक्षा में छोटे-छोटे बच्चों से स्टेज पर कार्यक्रम करवा कर उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं को निकालने का कार्य कर रहे हैं। आगे जाकर बच्चों के जीवन में यह बहुत सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि आप अपने बच्चों को सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। जिससे वह प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले सकें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजगढ़ उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने कहा कि आज पढ़ाई का सारा पैटर्न बदल गया है। आज का जो समय है वह प्रेजेंटेशन का है। उन्होंने कहा कि बच्चा जिस क्षेत्र में जाना चाहता है उसे उसी क्षेत्र में जाने दे। बच्चों को जबरदस्ती फोर्स ना करें। समारोह के प्रारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बालकों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरी। प्रधानाचार्य सवित्रा यादव ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तहसीलदार जुगिता मीणा, राजकीय महाविद्यालय टपूकड़ा के प्राचार्य राजकुमार गोयल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का मंच संचालन पूनम शर्मा ने किया।

## संस्कार, व्यक्तित्व निर्माण एवं समाज को आदर्श बनाने का सशक्त माध्यम है शिक्षा: मिश्रा





गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)** संस्कार, व्यक्तित्व निर्माण एवं समाज को आदर्श बनाने का सशक्त माध्यम है शिक्षा हम सभी को अनुशासन में रहकर शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए ,यह विचार पूर्व विधायक प्रत्याशी एवं पीसीसी सदस्य चंद्रकांता मिश्रा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाजा में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के आयोजित विदाई समारोह में व्यक्त किए। समारोह के अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा ने विद्यालय विकास हेतु भामाशाह को आगे आने तथा विकास में अपनी ओर से पूरा सहयोग करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह तथा पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र सिंह पवार, समाजसेवी संजय सोनी ,एवं शिक्षाविद किशन सिंह ने विदा होने वाले छात्रों को संबोधित करते हुए उनको आशीर्वाद शुभकामनाएं एवं प्रेरणादाई उद्बोधन दिया। प्रधानाचार्य अशोक कुमार तवर ने सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन अध्यापक शंभू दयाल व्यास ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र सिंह राठौड़ ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की ओर से आकर्षक गीत नृत्य प्रस्तुत कर कक्षा 12 के छात्रों को विदाई दी विद्यालय को कक्षा 12 के छात्रों की ओर से एक बड़ी अलमारी एवं एक म्यूजिक सिस्टम भेंट किया गया, इससे पूर्व सुमन रावत, रेनू सेन, सोहनी जाट, अजय कुमार जैन, प्रकाश सालवी, महिपाल समोता, मनमोहन घूघरवाल, दलजीत सिंह जैन ,महेश कुमार आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण कर तथा साफा और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

## रीट: परीक्षा शिक्षकों की, किंतु प्रभावित नेटवर्क से जुड़े उपभोक्ताओं की हुई असल 'परीक्षा'



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से शिक्षकों के 48 हजार पदों पर भर्ती के लिए लेवल वन और लेवल सेकेंड परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के दूसरे दिन सामाजिक अध्ययन के लिए 19414 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण हैं। वहीं दूसरी पारी में हिंदी विषय के लिए 14776 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। कुल 43 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हो रही है। परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जा रहा है। वह इंटरनेट सुविधा परीक्षा में नकल और धांधली बाजी रोकने के लिए इंटरनेट सुविधा भी बंद की गई है।

दरअसल, यूं कहे तो भी कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि परीक्षा तो शिक्षकों के लिए थी, किंतु नेटबंदी जैसी परीक्षा के दौर से लाखों करोड़ों उपभोक्ताओं को गुजरना पड़ा। बता दें कि परीक्षा के चलते सवेरे छह बजे से शाम छह बजे तक बीकानेर सहित एक दर्जन जिलों में नेटबंदी प्रश्न-पत्र लीक न हो जाये। इस डर की वजह से की गई थी। किंतु दो दिनों में नेट यूजर्स को जो नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई कौन करेगा? यह प्रश्न आज भी यक्ष बना हुआ है। परीक्षा देने वालों को हालांकि कड़ी जांच-परख के बाद परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया गया और जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी थे तो आखिर फिर इस नेटबंदी का क्या अर्थ या मतलब रह जाता है। यह तो फिलहाल आयोजक ही जाने, किंतु दो दिनों में हुई नेटबंदी से रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका नेट यूजर्स के लिए काफी दुखदायी व कष्टदायी साबित हुआ।

## नारी जन जागृति संस्थान द्वारा दिव्यांग बच्चों संग हर्षोल्लास से मनाया फागोत्सव



गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा संचालित संजय इंक्लूसिव स्कूल में नारी जन जाग्रति संगठन के तत्वाधान में फाग महोत्सव मनाया गया संस्था उपनिदेशक रणसिंह चीता ने बताया कि फाग महोत्सव का शुभारम्भ लड्डू गोपाल व माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमे नारी जन जाग्रति संगठन की अध्यक्ष ममता गुप्ता व अन्य सभी नारी जन जाग्रति के सदस्य, ममता जालवाल साथ ही सतीश गर्ग, सतपाल सोनी व रोनक श्रीमाल आदि अतिथिगण उपस्थित हुये। रणसिंह चीता ने आये हुये सभी अतिथियों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया साथ ही संस्थागत जानकारी देते हुए आज के फाग महोत्सव पर प्रकाश डाला और बताया कि यह फागोत्सव नारी जन जाग्रति संगठन के तत्वाधान में दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जा रहा है और इस उत्सव में संजय स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी व राधा-कृष्णा की झांकी भी सजाई गयी तथा भजन मण्डली द्वारा फाग गीत गाए गये और फाग गीतों पर स्कूल के दिव्यांग बच्चों के साथ सभी स्टाफ सहित आये हुये सभी अतिथि भी खूब झूमे और नाचे नारी जन जाग्रति अध्यक्ष ममता गुप्ता ने फागोत्सव की जानकारी देते हुए बताया की संजय स्कूल में फाग मोहत्सव मनाना हमारे लिए बहुत ही सुखद है और हमने तय किया कि दिव्यांग बच्चो के साथ ही फागोत्सव मनायेगे ताकि ये बच्चे भी फाग के बारे में जाने और इन बच्चों द्वारा जो झांकी सजाई गयी वह बहुत ही अद्भुत है और संस्था इन बच्चों के लिए जो कार्य करती आयी है वे बहुत ही सराहनीय है और में इसके लिए संस्था को धन्यवाद् देती हूं रणसिंह चीता द्वारा सभी अतिथियों को संस्था स्मृति चिन्ह देकर इस फाग महोत्व के लिए सभी को धन्यवाद दिया और फिर सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

## एनआईए में औषधी निर्माण, संरक्षण, पेटेंट, इंडस्ट्रीज और एकेडमिक रिलेशनशिप विषयों पर मंथन के साथ हुआ अंतरराष्ट्रीय संगौष्ठी का समापन




गरीबों का सितारा

**जयपुर।** गुरुवार से रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग एनआईए जयपुर द्वारा संस्थान परिसर में तीन दिवसीय आयुर्वेदिक फार्मास्युटिकल साइंस पर अंतरराष्ट्रीय संगौष्ठी सुचारु रूप से चल रही है। जिसका शुभारंभ केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेंद्रभाई कालूभाई व आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, एनआईए कुलपति प्रो. संजीव शर्मा द्वारा किया गया था। रसशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो.अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय संगौष्ठी में करीब 500 की संख्या में देश व विदेशों से आयुर्वेद विशेषज्ञ तथा आयुर्वेदिय स्कालर्स सम्मिलित हुए। संगौष्ठी में दैनिक जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता, आयुर्वेद का विकास, प्रचार व प्रसार तथा रसौषधियों के महत्व पर चर्चा हुई। संगौष्ठी के अंतिम दिन प्रो.सीबी झा, प्रो.पीके प्रजापति, प्रो.आनंद चौधरी, डॉ राकेश सिंह ने व्याख्यान दिया। अंतरराष्ट्रीय संगौष्ठी में अतिथि वक्ताओं ने आयुर्वेद अध्येताओं को औषधियों का ज्ञान, पहचान, संरक्षण, निर्माण विधि तथा नयी औषधियों के आविष्कार, पेटेंट, स्टार्ट अप, इंडस्ट्रीज और एकेडमिक रिलेशनशिप इत्यादि विषयों पर मार्गदर्शन किया। समापन समारोह में कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, राजस्थान आयुर्वेद यूनिवर्सिटी जोधपुर कुलपति प्रो.पीके प्रजापति, प्रो.सीबी झा, प्रो.के.शंकर राव, प्रो.आंनद चौधरी, डॉ के. उपाध्याय ने उपस्थित रहकर शुभकामनाएं प्रेषित की। विभागाध्यक्ष प्रो.अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि संगौष्ठी में तीन दिन अलग-अलग विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत हुए। अध्येताओं को पेपर व पोस्टर प्रजंनटेशन करने और उनमें से जो बेस्ट पैपर घोषित हुए उन सभी अध्येताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। विभागाध्यक्ष प्रो.अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय संगौष्ठी में भागीदारी रखने वाले लोगों का निश्चित रूप से ज्ञानवर्धन होगा। प्रो. श्रीवास्तव ने तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगौष्ठी के सफल आयोजन हेतु आयुष मंत्रालय व केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री डॉ मुंजपरा महेंद्र भाई, आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, वाइस चांसलर प्रो. संजीव शर्मा, प्रो वाइस चांसलर प्रो.मीता कोटेचा, सभी मुख्य अतिथि वक्ताओं, एनआईए टीचिंग व नोन टीचिंग स्टाफ, आयुर्वेदिय स्कालर्स, संगौष्ठी में शामिल आयुर्वेदिक फार्मेसियां और मिडिया समूह का धन्यवाद प्रकट किया।

## पूर्व विधायक हरीश कुमावत को दी श्रद्धांजलि

गरीबों का सितारा

**दांतारामगढ़।** अलोदा ग्राम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर पूर्व विधायक स्व. हरीश कुमावत की श्रद्धांजलि का कार्यकम रखा गया जिसमे शक्ति सिंह अलोदा ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दातारामगढ़ विधान सभा के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे इस दौरान पूर्व विधायक कुमावत की श्रद्धांजलि सभा में उनके जीवन को याद किया गया।

# भीलवाड़ा जिले में सरकारी अस्पताल में गर्भवती को दी अवधि पार दवाई बिगड़ी हालत

गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा।** सरकारी अस्पतालों में सरकार की ओर से दी जाने वाली निशुल्क दवा को लेकर कितनी लापरवाही है कि यहां पड़ी दवाइयां अवधि पार हो जाती है और इसका पता अस्पताल प्रशासन को चलता है और नहीं दवाई वितरण करने वाले केंद्र पर बैठने वाले कार्मिक को और व रोगियों को अवधि पार दवाइयां तक दे देते हैं ऐसा ही एक मामला भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा उपखंड मुख्यालय पर स्थित सरकारी अस्पताल में सामने आया जब आज एक चिकित्सक द्वारा रोगी को लिखी गई निशुल्क दवाइयां अस्पताल के दवा वितरण केंद्र से दी गई जिसमें एक अवधि पार दवा लेने से उस गर्भवती की ओर हालत खराब हो गई इस घटना को लेकर कुछ समय के लिए हंगामा भी हो गया।

बताया जाता है कि शाहपुरा नगर की नई आबादी में रहने वाले 31साल की गर्भवती की तबीयत खराब होने पर उसे शाहपुरा स्थित राजकीय चिकित्सालय सेटेलाइट हॉस्पिटल लाया गया यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने रोगी का निरीक्षण करने के बाद उसे दवाइयां लिखी जो अस्पताल से ही फ्री में मिली थी । पर्ची लेकर रोगी के परिजन अस्पताल में मिलने वाली फ्री




दवाइयों के काउंटर पर गए और परिचय दिखाकर दवाइयां ले ली दवाइयां लेकर घर चले गए और डॉक्टर के बताया अनुसार रोगी को दवाई दे दी दवाई लेने के बाद रोगी अचानक तबीयत बिगड़ने लगी इस पर परिजन दवाइयां और रोगी को लेकर वापस अस्पताल पहुंचे और रोगी के परिजनों ने जब दवाइयां पर दवाइयों की डेट देखी तो उसमें से एक दवाई नेचुरल माइक्रोनाइज्ड प्रोजेक्टैरान टेबलेट 200 मिलीग्राम दवा मार्च 2022 एक्सपायरी अर्थात अवधि पार हो गई थी और इस दवा के लेने से रोगी की हालत बिगड़ी थी । रोगी की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने हंगामा किया जिन्हे समझाकर शांत किया तथा चिकित्सकों ने तत्काल उसे भर्ती कर उसका उपचार किया जहां उसकी हालत अब ठीक बताई जा रही है ।

अब सवाल यह उठता है कि इस दवा को एक्सपायरी हुए 11 माह बीत गए लेकिन न तो अस्पताल प्रशासन को इस बारे में पता चला और नहीं दवा वितरण केंद्र पर दवा देने वाले केंद्र प्रभारी को इसकी जानकारी थी क्योंकि जानकारी तब होती जब दवा वितरण केंद्र प्रभारी और चिकित्सक समय-समय पर दवाओं के स्टाफ को चेकिंग करते लेकिन ऐसा नहीं किया गया इससे साफ झलक रहा है कि अपने कार्य के प्रति कितने लापरवाह हैं और इनकी लापरवाही किसी रोगी की जान ले सकती है।। यह तो एक दवा का मामला सामने आया है ।हो सकता है अगर स्टोर की जांच की जाए तो और भी दवाइयां एक्सपायरी डेट की मिल सकती है।

### इनका कहना है

इस संबंध में मुझे जानकारी मिली है और मैंने तत्काल निर्णय लेते हुए इस मामले की छानबीन के लिए जांच बिठा दी है जांच रिपोर्ट मिलते ही संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी ।

**डॉक्टर अशोक जैन**

**प्रमुख चिकित्सा अधिकारी राजकीय जिला चिकित्सालय शाहपुरा भीलवाड़ा**

## सामाजिक विकास मंच संस्था की बैठक का किया आयोजन



गरीबों का सितारा

दांतारामगढ़।(विनोद धायल) जिले के पलसाना कस्बे में रविवार को सामाजिक विकास मंच संस्था की मीटिंग का आयोजन महावीर सिंह बिजारणिया की अध्यक्षता में किया गया। संस्था के संरक्षक राम नारायण चौधरी ने पलसाना और बधाला की ढाणी ग्राम पंचायत की अनेक समस्याओं के बारे में अवगत कराया। बैठक में मुख्य मुद्दों में पलसाना में से रोडवेज बसों का ठहराव पलसाना के अंदर से आवागमन किया जावे इस मुद्दे को सर्वप्रथम प्राथमिकता दी गई जिसका सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने सर्व समिति में निर्णय लिया गया। इस संगठन की मीटिंग में सैकड़ों ग्राम वासियों व कार्यकर्ता मौजूद रहे इसके अलावा आगामी मीटिंग में होली स्नेह मिलन का कार्यक्रम तय किया जाएगा और उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वर्गीय हरीश कुमावत को श्रद्धांजलि दी गई। संस्था के संरक्षक रामनारायण चौधरी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## खबर संक्षेप

### खाद्य तेल की कीमतों में रहा गिरावट का रुख



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में कारोबार में गिरावट का रुख रहा। सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन और बिनौला तेल कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली। इसके साथ भारी मात्रा में आयात और लिवाल कम होने से पामोलीन दिल्ली तेल में मामूली गिरावट आई।

### सेंसेक्स की शीर्ष नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटा



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,87,808.26 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,538.64 अंक या 2.52 प्रतिशत नीचे आया।

### अप्रैल-दिसंबर, 2022 में प्याज निर्यात 52.38 करोड़ डॉलर



**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि भारत में प्याज के निर्यात पर कोई प्रतिबंध नहीं है। देश ने चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों (अप्रैल-दिसंबर, 2022) में 52.38 करोड़ डॉलर का निर्यात किया। मंत्रालय ने कहा कि सिर्फ प्याज बीज के निर्यात पर प्रतिबंध है। मंत्रालय ने बयान में कहा, 'सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध नहीं लगाया है।'

### चैटजीपीटी एआई तकनीक सहकर्मी होगी : टीसीएस



**मुंबई।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मानना है कि चैटजीपीटी जैसे उत्पादक कृत्रिम मेधा मंच एआई सहकर्मी के तौर पर काम करेंगे और इनसे नौकरियां कम नहीं होंगी। आईटी कंपनी के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी मिलिंद लक्कड़ ने कहा कि ऐसे उपकरणों की मदद से उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी लेकिन कंपनियों के व्यापारिक मॉडल में कोई बदलाव नहीं आएगा।

### एफपीआई ने फरवरी में शेयरों से 2,300 करोड़ रुपए निकाले



**नई दिल्ली।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने सतर्कता बरतते हुए इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 2,313 करोड़ रुपये निकाले हैं। एफपीआई की बिकवाली की रफ्तार जनवरी के मुकाबले कम हुई है। उस समय विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजारों से 28,852 करोड़ रुपये निकाले थे।

### आईईएक्स अगले महीने ऊंचे मूल्य वाला खंड पेश करेगा



**नई दिल्ली।** इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) ने हाई प्राइस डे अहेड मार्केट (ऊंचे मूल्य पर अगले दिन के बाजार) खंड मार्च के मध्य तक पेश करने की योजना बनाई है, जिससे बिजली उत्पादक कंपनियां 50 रुपये प्रति यूनिट की ऊंची दर से बिजली बेच सकेंगी। इसी महीने केंद्रीय बिजली नियामक आयोग (सीईआरसी) ने आईईएक्स की याचिका पर तीन श्रेणी के बिजली उत्पादकों को एचपी-डीएएम बाजार में भाग लेने की अनुमति दी थी।

# रोबोट भी हुए बेरोजगार, कर्मचारियों के बाद गूगल में अब रोबोट्स की छंटनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्मचारियों के बाद गूगल में अब रोबोट्स की भी छंटनी हो रही है। गूगल कथित तौर पर उन रोबोट्स को हटा रहा है जो ऑफिसों में कैफेटेरिया को साफ करने में मदद करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फापेट ने अपने एक्सपेरिमेंट्स डिपार्टमेंट, एवरीडे रोबोट्स को बंद कर दिया है।

- गूगल के कैफेटेरिया को साफ करने वाले रोबोट पर काम कर रहा था

वायर्ड रिपोर्ट के अनुसार, अन्य क्षमताओं के साथ-साथ गूगल के कैफेटेरिया को साफ करने वाले रोबोट के डेवलपमेंट और ट्रेनिंग पर काम कर रहा था। गूगल में बड़ी छंटनी के बीच अल्फाबेट के बजट में कटौती के हिस्से के रूप में रोबोटिक शाखा को बंद करने का निर्णय आया है। प्रगति करने के बावजूद, रोबोट और उनके ट्रेनर्स आर्थिक विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में असमर्थ थे।

## गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फापेट ने एवरीडे रोबोट्स को बंद कर दिया

### रोबोट सफाई व दरवाजे खोलने का काम करते थे

रिपोर्ट के अनुसार, एवरीडे रोबोट्स एक एक्सपेरिमेंटल रोबोटिक्स प्रोजेक्ट था, जिसमें 200 से अधिक लोगों की एक टीम थी जो विभिन्न रोबोटिक्स प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही थी, जिसमें 100 से ज्यादा वन-आर्म रोबोट्स ऑन व्हील्स का डेवलपमेंट शामिल था। इन रोबोट्स को अन्य कामों के अलावा कैफेटेरिया टेबल को साफ करने, कचरा अलग करने और रीसाइक्लिंग करने और दरवाजे खोलने के लिए डिजाइन किया गया था। महामारी के दौरान, रोबोट का इस्तेमाल कॉन्फ्रेंस रूम की सफाई की जांच के लिए भी किया गया था।



### अब अलग प्रोजेक्ट नहीं शुरू किया जाएगा

एवरीडे रोबोट्स के मार्केटिंग और कम्युनिकेशन डायरेक्टर डेनिस गैंबोआ ने वायर्ड को बताया, 'एवरीडे रोबोट अब अल्फाबेट के भीतर एक अलग प्रोजेक्ट नहीं होगा। कुछ तकनीक और टीम के हिस्से को गूगल रिसर्च के मौजूदा रोबोटिक्स प्रयासों में समेकित किया जाएगा।'

### प्रोडक्शन की उच्च लागत प्रमुख कारण

*एवरीडे रोबोट्स का बंद होना रोबोटिक्स उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालता है, विशेष रूप से आर्थिक मंदी के बीच। जबकि रोबोटिक्स तकनीक तेजी से आगे बढ़ रही है, डेवलपमेंट और प्रोडक्शन की उच्च लागत कंपनियों के लिए रोबोटिक्स प्रोजेक्ट्स में निवेश को उचित ठहराना मुश्किल बना सकती है।*

### कंपनी ने खर्च में कटौती करने लिया फैसला

भले ही रोबोट बेहद उपयोगी थे, रोबोट अंततः बनाए रखने के लिए बहुत महंगे थे। रोबोटिक्स विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया कि प्रत्येक की कीमत हजार डॉलर थी और यह कुछ ऐसा था जिसे बजट में कटौती के कारण अल्फाबेट मैनेज नहीं कर सका, एवरीडे रोबोट्स अब वित्तीय रूप से लाभदायक नहीं थे, और प्रोजेक्ट बंद कर दिया गया था। हालांकि, कुछ तकनीक और टीम के हिस्से को गूगल रिसर्च के मौजूदा रोबोटिक्स एफोर्ट्स में समेकित किया जाएगा।

### 2022-23 में मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर रहेगी

# भारत की वृद्धि दर 'काफी कमजोर', श्रमबल की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर पाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की आर्थिक वृद्धि 'काफी कमजोर' है और संभवतः यह देश के बढ़ते श्रमबल की आकांक्षाओं को पूरा करने की दृष्टि से पर्याप्त नहीं रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा ने रविवार को यह बात कही। वर्मा ने कहा कि भारत में उन्हें लगता है कि 2022-23 में मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर रहेगी, लेकिन 2023-24 में इसमें काफी कमी आएगी। उन्होंने कहा, 'हालांकि, वृद्धि बहुत कमजोर नजर आ रही है और मौद्रिक सख्ती से मांग पर दबाव पड़ रहा है।'

### ऊंची ब्याज दरें निजी पूंजी निवेश मुश्किल बना देगी

वर्मा ने आगे अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि कर्ज की मासिक किस्त (ईएमआई) का भुगतान बढ़ने से परिवारों का बजट प्रभावित होता है और उससे उनके खर्च में कमी आती है। वहीं देश का निर्यात वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऊंची ब्याज दरें निजी पूंजी निवेश को और मुश्किल बना देती हैं।

## जीडीपी की वृद्धि दर सात फीसदी रहने का अनुमान

*राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। आर्थिक समीक्षा 2022-23 में अगले वित्त वर्ष में जीडीपी की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। वर्मा अभी भारतीय प्रबंध संस्थान-अहमदाबाद (आईआईएम-अहमदाबाद) में प्रोफेसर हैं।*

- वर्ष 2023-24 में इसमें काफी कमी आएगी
- मौद्रिक सख्ती से मांग पर दबाव पड़ रहा
- कर्ज की मासिक किस्त बढ़ने से परिवार को बजट बिगड़ रहा
- देश का निर्यात वैश्विक चुनौतियों से निपटने संघर्ष कर रहा



### सीपीआई घटकर 6.5 फीसदी

एमपीसी सदस्य ने कहा, मुझे उम्मीद है कि 2023-24 में मुद्रास्फीति में काफी कमी आएगी। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (सीपीआई) के अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। जनवरी में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति 6.52 प्रतिशत थी।

### स्रोत से अर्थव्यवस्था को समर्थन घटा

वहीं सरकार राजकोषीय मजबूती के लिए प्रयासरत हैं, ऐसे में इस स्रोत से अर्थव्यवस्था को समर्थन घटा है। उन्होंने कहा, 'इन सभी कारकों के कारण मुझे आशंका है कि हमारे जनसांख्यिकीय संदर्भ और आय के स्तर को देखते हुए बढ़ते श्रमबल की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए वृद्धि दर संभवतः कम रहेगी।' भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

### वैश्विक मुद्रास्फीति पर दबाव



वर्मा ने कहा में आने वाले महीनों में वैश्विक मुद्रास्फीति का दबाव देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा, 'दुनिया युद्ध के साथ जीना सीख रही है। साथ ही मौद्रिक रुख में सख्ती दुनियाभर में वृद्धि के लिए जोखिम है।' ऊंची महंगाई पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 2022-23 में विभिन्न आपूर्ति झटकों के साथ-साथ दूसरी छमाही के दौरान मौद्रिक सख्ती में देरी के कारण यह ऊंची मुद्रास्फीति का वर्ष रहा है।

# मात्र 329 दिनों में 300 एमएमटी कार्गो वॉल्यूम पार कर गया अदाणी पोर्ट्स

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

भारत में सबसे बड़ी एकीकृत परिवहन उपयोगिता और विविध अदाणी समूह का एक हिस्सा, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने 354 दिनों के अपने पिछले वर्ष के माइलस्टोन को पीछे छोड़ते हुए, 23 फरवरी 2023 को केवल 329 दिनों में 300 एमएमटी कार्गो हैंडलिंग को पार कर लिया। एपीएसईजेड ने दो दशक पहले परिचालन शुरू करने के बाद से अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है और इसकी बाजार हिस्सेदारी में तेजी से वृद्धि के साथ अखिल भारतीय कार्गो वॉल्यूम वृद्धि को मात देना जारी रखा है।

- भारत की सबसे बड़ी ट्रांसपोर्ट यूटिलिटी ने अपने माइलस्टोन को पीछे छोड़ा

एपीएसईजेड के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक, करण अदाणी ने कहा, कार्गो वॉल्यूम में सुधार हमारे ग्राहकों के हम पर विश्वास का प्रमाण है। यह ग्राहकों की संतुष्टि को चलाने और प्राप्त करने के लिए, बेहतर दक्षता और टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन का उपयोग करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एपीएसईजेड का प्रमुख पोर्ट, मुंद्रा, अपने सभी निकटतम प्रतिद्वंद्वियों को आसान मार्जिन से पीछे छोड़ रहा है और वॉल्यूम के मामले में देश में सबसे बड़ा पोर्ट बना हुआ है। मुंद्रा का इंफ्रास्ट्रक्चर वैश्विक मानकों को पूरा करता है और अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के बराबर सेवा स्तर प्रदान करता है।

### देश की अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ रही

पोर्ट्स पर संभाले जाने वाले कार्गो वॉल्यूम में वृद्धि इस बात का संकेत है कि देश की अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ रही है। भारत में लगभग 95% व्यापार समुद्री परिवहन के माध्यम से किया जाता है। इसलिए, भारतीय तटरेखा के लिए विश्व स्तरीय मेगा पोर्ट्स का होना अनिवार्य है।

# ईरान की मुद्रा में डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड गिरावट

एजेंसी ▶▶ दुबई



सरकार विरोधी प्रदर्शनों का सामना कर रहे ईरान की मुद्रा रियाल रविवार को अब तक के रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिर गई। ईरान के गैर-अधिकारिक मुद्रा विनिमय बाजार में रियाल अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 6.0 लाख से भी नीचे के भाव पर आ गई।

- ईरान की मुद्रा रियाल अब तक के रिकॉर्ड निचले स्तर पर
- विनिमय कार्यालय के सामने लंबी कतारें लगी हुई

यह रियाल का अब तक का सबसे निचला स्तर है। डॉलर के मुकाबले रियाल की लगातार गिरती कीमत को देखते हुए ईरान के लोगों ने मुद्रा विनिमय कार्यालयों के सामने लंबी कतारें लगाई हुई हैं ताकि वे तेजी से कम होते डॉलर को खरीद सकें। हाल के महीनों में रियाल की कीमत लुढ़कने से ईरान के लोगों की जिंदगी भर की पूंजी लगभग खत्म होने के कगार पर पहुंच गई है। जनवरी में ईरान में मुद्रास्फीति 53.4 प्रतिशत के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। ऊंची मुद्रास्फीति के बीच स्थानीय मुद्रा के गिरते मूल्य ने लोगों को बुनियादी जरूरतें पूरी करने पर ध्यान केंद्रित करने को मजबूर किया है। इससे विरोध प्रदर्शनों का सामना कर रही ईरान सरकार को फौरी राहत मिल सकती है। हालांकि सितंबर 2022 में एक युवती की संदिग्ध मौत के बाद देश भर में भड़के सरकार विरोधी प्रदर्शन अभी तक शांत नहीं हुए हैं। इस्लामी लिबास पहनने की सख्ती के खिलाफ शुरू हुए प्रदर्शनों में शिया-समर्थक सरकार को उखाड़ फेंकने के नारे जोर पकड़ने लगे। हालांकि ईरान सरकार ने इन प्रदर्शनों के लिए विदेशी ताकतों को जिम्मेदार बताया है।

संदिग्ध परमाणु कार्यक्रम जारी रखने को लेकर अमेरिका ने ईरान पर कई तरह की पाबंदियां लगाई हुई हैं।

# आईओसी अपनी सभी रिफाइनरी में लगाएगी हरित हाइड्रोजन संयंत्र




**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी पेट्रोलियम कंपनी आईओसी वर्ष 2046 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में दो लाख करोड़ रुपये की हरित बदलाव योजना लागू करेगी और इस क्रम में अपने सभी रिफाइनरी में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करेगी। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी ईंधन कारोबार में उतार-चढ़ाव से बचाव के लिए पेट्रोरसायन पर अधिक ध्यान देने के साथ व्यवसाय को नए सिरे से तैयार कर रही है। इसके साथ ही कंपनी के पेट्रोल पंपों को ऊर्जा आउटलेट में बदलने की भी तैयारी है जहां पारंपरिक ईंधन के अलावा ईवी चार्जिंग पॉइंट और बैटरी अदला-बदली का विकल्प भी मिलेगा।

# आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुझान, घरेलू मोर्चे पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों तथा विदेशी कोषों के रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

- पीएमआई व वाहन बिक्री के आंकड़े होंगे जारी

इसके अलावा विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़े और वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में और बढ़ोतरी की आशंका से बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,538.64 अंक या 2.52 प्रतिशत नीचे आया। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, 'बाजार की निगाह अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल तथा डॉलर सूचकांक के साथ वैश्विक रुझानों पर रहेगी। 2023 की पहली छमाही में बाजार की दृष्टि से अमेरिका में ब्याज दरों का परिदृश्य काफी महत्वपूर्ण रहेगा।'



*कच्चे तेल और डॉलर में उतार चढ़ाव करेगा प्रभावित : ब्रेंट कच्चे तेल की चाल और रुपये-डॉलर का उतार-चढ़ाव भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट (तकनीकी शोध) अमोल अठावले ने कहा, 'बाजार में यदा-कदा सुस्ती का दौर आ सकता है क्योंकि कई नकारात्मक कारकों की वजह से निवेशक अपनी पोर्टफोलियो में कमी कर सकते हैं।'*

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र की लागत 4.46 लाख करोड़ रुपए बढ़ी...



*नई दिल्ली। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 335 परियोजनाओं की लागत तय अनुमान से 4.46 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की जनवरी, 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,454 परियोजनाओं में से 335 की लागत बढ़ गई है, जबकि 871 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,454 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 20,59,065.57 करोड़ रुपये थी, लेकिन अब इसके बढ़कर 25,05,248.43 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है।*

## कम बिजली से चलने वाले स्मार्ट एसी ला रहे निर्माता

# तापमान चढ़ने से खिले एसी निर्माताओं के चेहरे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गर्मी जल्दी आने और ऐसे मौसम के लंबा चलने की संभावनाओं के बीच आवासीय एयर कंडीशनर (एसी) विनिर्माता इस साल अपनी बिक्री में 15-20 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद जता रहे हैं।

- रेफ्रिजरेटर और कूलर की मांग बढ़ने की उम्मीद

शुरुआत में ही बढ़ती मांग को देखते हुए एसी निर्माता कम बिजली खपत वाले, इनवर्टर से चलने वाले और आईओटी व एयर प्यूरीफायर (हवा को शुद्ध करने वाली) जैसी 'स्मार्ट' सुविधाओं वाले एसी ला रहे हैं। एसी निर्माता मांग को पूरा करने के लिए अपना उत्पादन भी बढ़ा रहे हैं।

### 2022 में बिक्री 82.5 लाख इकाइयां रही

भारतीय आवासीय एसी बाजार 2022 में 82.5 लाख इकाइयों के आसपास था और उसने दोहरे अंक में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की थी। हिताची ब्रांड नाम से एसी बेचने वाली जॉनसन कंट्रोल्स-हिताची एयर कंडीशनिंग इंडिया भी बाजार हिस्सेदार और घरों में इस्तेमाल होने वाले एसी की बिक्री में बड़ी वृद्धि की उम्मीद कर रही है।



### वृद्धि दर 25 फीसदी के आसपास होगी

जॉनसन कंट्रोल्स-हिताची एयर कंडीशनिंग इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गुरमीत सिंह ने कहा, 'इस साल के लिए हम रिकॉर्ड दोहरे अंक में वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। पहली छमाही में बिक्री वृद्धि दर 25 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है, जो पूरे एसी उद्योग की वृद्धि दर से ज्यादा होगी।'

### देशभर में तापमान असामान्य रूप से बढ़ा

निर्माताओं को इसके अलावा रेफ्रिजरेटर और कूलर जैसे अन्य उत्पादों की बिक्री में भी वृद्धि की उम्मीद है। टाटा समूह की कंपनी वोल्टास ने कहा कि उसे इस बार गर्मियों में भारी बिक्री की उम्मीद है क्योंकि देशभर में तापमान असामान्य रूप से बढ़ा है।

### खुदरा विक्रेताओं के बीच मांग बढ़ी

वोल्टास के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रदीप बख्शी ने बताया, 'हम एसी, कूलर और फ्रिज जैसे उत्पादों की खरीद के लिए खुदरा विक्रेताओं और खरीदारों के बीच मांग में पहले से ही वृद्धि देख चुके हैं।'

# पीएंडडब्ल्यू इंजन में समस्या, ठप खड़े हैं इंडिगो गो फर्स्ट के 50 विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ मुंबई



विमानन कंपनियों इंडिगो और गो फर्स्ट के 50 से भी अधिक विमान प्रैट एंड व्हिटनी (पीएंडडब्ल्यू) इंजन की समस्या से इन दिनों परिचालन से बाहर चल रहे हैं। इसकी वजह से एयरलाइन कंपनियों को पट्टे पर विमान लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

- एयरलाइन कंपनियों का पट्टे पर विमान लेने मजबूर होना पड़ रहा

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो इस समस्या से निपटने के लिए कई विकल्पों पर गौर कर रही है। इनमें विमानों के पट्टे की अवधि बढ़ाने, विमान को फिर से बेड़े में शामिल करने और चालक दल के साथ विमान को पट्टे पर लेने के विकल्प शामिल हैं। दरअसल, रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से प्रैट एंड व्हिटनी इंजन के कलपुर्जों की आपूर्ति एक समस्या बनी हुई है। इस कारण इंजनों का रखरखाव नहीं हो पा रहा है। लिहाजा कई विमानों को खड़ा करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। पीएंडडब्ल्यू इंजन की समस्या से इंडिगो और गो फर्स्ट एयरलाइन के कम-से-कम 25-25 विमान खड़े रहने के लिए मजबूर हैं। इंजन बनाने वाली कंपनी भी आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी समस्याओं की वजह से समय पर आपूर्ति नहीं कर पा रही है। जब इस बारे में प्रैट एंड व्हिटनी कंपनी के प्रवक्ता से संपर्क किया गया तो उन्होंने प्रभावित विमानों की संख्या नहीं बताई लेकिन यह कहा कि साल के अंत तक आपूर्ति संबंधी दबाव कम होने की उम्मीद है। उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम के मुताबिक, 26 फरवरी की तारीख में इंडिगो के कुल 39 विमान परिचालन से बाहर थे। इनमें ए320 नियो श्रेणी के 28 विमान और ए321 श्रेणी के 11 विमान शामिल हैं। इंडिगो के बेड़े में 300 से अधिक विमान हैं जिनके लिए इंजन की आपूर्ति पीएंडडब्ल्यू और सीएफएम करती हैं।

### गो फर्स्ट के बेड़े में 60 विमान

वहीं गो फर्स्ट एयरलाइन के बेड़े में करीब 60 विमान हैं और इकलौती इंजन आपूर्तिकर्ता पीएंडडब्ल्यू ही है। इस संबंध में इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि एयरलाइन अपने मूल उपकरण विनिर्माता साझेदारों के संपर्क में है ताकि उसका उड़ान नेटवर्क और परिचालन दुरुस्त बना रहे।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com